■ भाद्रपद कृष्णा - 1 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 57 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 19-09-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 जाति के आधार पर समाज को बांट रही है सपा और कांग्रेस : आदित्यनाथ

6 नफरत फैलाने की साजिश है गणेश पूजा पर पत्थरबाजी

7 अमेरिका की यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे प्रधानमंत्री मोदी : ट्रंप



## फर्स्ट टेक

### स्क्वॉड्रन लीडर मोहना सिंह तेजस लड़ाकू विमान की देश की पहली महिला पायलट बनीं

**नई दिल्ली/भाषा।** स्क्वॉड्रन लीडर मोहना सिंह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के तेजस लड़ाकू स्क्वॉड्रन का हिस्सा बनने वाली भारत की पहली महिला पायलट बन गई हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिंह जून 2016 में वायुसेना में शामिल होने वाली पहली तीन महिला लड़ाकू पायलट में से एक थीं। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें नंबर 18 'फ्लाइंग बुलेट्स'स्क्वाड्रन आवंटित किया गया है।

## सनातन धर्म के उदय का समय आ गया है : मोहन भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को लोगों से वैदिक जीवन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन धर्म के उदय का समय आ गया है और इसके प्रति विश्व का दृष्टिकोण बदल रहा है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि वेद भौतिक और आध्यात्मिक ज्ञान की निधि एवं अखिल ब्रह्मांड के मूल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने विश्व कल्याण के लिए वेदों की रचना की थी।

भागवत ने कहा, ''यही कारण है कि मैं कहता हूं कि वेद और भारत दोनों एक ही हैं। हमारे पास वेद निधि है। हमें उसका अध्ययन करना चाहिए, अपने जीवन में उसे उतारना चाहिए और जितने लोगों तक हम उसे पहुंचा सकें, उसे पहुंचाएं, ताकि वे भी उसके ज्ञान से लाभ उठा सकें।''

भागवत श्रीपाद दामोदर सातवलेकर कृत वेदों के हिंदी भाष्य के तृतीय संस्करण के लोकार्पण के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की सिफारिश मंजूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अपनी एक राष्ट्र, एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया।

सरकार का कहना है कि कई राजनीतिक दल पहले से ही इस मुद्दे पर सहमत हैं। उसने कहा कि देश की जनता से इस मुद्दे पर मिल रहे व्यापक समर्थन के कारण वह दल भी रुख में बदलाव का दबाव महसूस कर सकते हैं जो अब तक इसके खिलाफ हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी की जानकारी हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### पीएम-आशा से किसानो और उपभोक्ताओं को होगा फायदा : मोदी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम–आशा) योजनाओं को जारी रखने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से न केवल किसानों को अपनी फसल का लाभकारी मूल्य मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार–चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए पीएम–आशा योजनाएं जारी रखने की मंजूरी दे दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अपने किसान भाई–बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान को स्वीकृति दी है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### भ्रम जाल

खुद को अवतारी परम पुरुष ,
बाबा बतलाते रहते हैं।
कष्टों के मुक्ति प्रदाता बन,
छल से भरमाते रहते हैं।
उस निराकार को पाने हित,
हम दाँव लगाते रहते हैं।
झूठों के झाँसों में फँस कर,
बस सदा ठगाते रहते हैं।।

पेजर हमले के एक दिन बाद फिर

## लेबनान में उपकरणों में धमाके, नौ की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेरूत/एपी।** लेबनान में पेजर में हुए धमाकों के एक दिन बाद बुधवार को भी देश के कई हिस्सों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की घटनाएं हुईं। हिज्बुल्ला अधिकारियों ने सरकारी मीडिया को यह जानकारी दी।

हिज्बुल्ला अधिकारियों ने बताया कि खबरों के मुताबिक वॉकी–टॉकी और यहां तक सौर उपकरणों से भी निशाना बनाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ताजा धमाकों में कम से कम नौ लोग मारे गए और 300 अन्य घायल हुए हैं।

घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने बताया कि एक दिन पहले पेजर विस्फोट से मारे गए हिज्बुल्ला के तीन सदस्यों और एक बच्चे को बेरूत में सुपुर्द ए खाक करते समय भी कई धमाके सुने गए। दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में एपी के एक फोटोग्राफर ने धमाकों की वजह से एक कार और एक मोबाइल फोन की दुकान को क्षतिग्रस्त होते देखा।

हिज्बुल्ला के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए एपी को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए गए वॉकी–टॉकी में धमाका किया गया। लेबनान की आधिकारिक समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक बेरूत और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली में विस्फोट हो गया, जिससे कम से कम एक लड़की घायल हो गई।

## भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को नोटिस भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजा है, जिसमें तर्क दिया गया है कि परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित परिवर्तनों के कारण संधि का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है।

सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के अनुच्छेद 12(3) के तहत 30 अगस्त को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद 19 सितम्बर, 1960 को सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था, जो कई सीमा पार नदियों के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान–प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत की अधिसूचना में परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चिंताओं में से महत्वपूर्ण हैं जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे तथा भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता।

In Loving Memory



Shri Rajendra Kumar Bothra
1954 - 2008

A visionary who looked into the future.
A Karamyogi who performed all through his life.

We are proud to be guided by your thoughts and philosophy.
We pray your legacy will continue to inspire and guide us.

In reverence & remembrance

Bothra Family
'Mulberry House'
#2 O' Shaughnessy Road,
Bengaluru - 560025

सोलहवीं पुण्यतिथि
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. श्री घेवरचंदजी चुन्नीलालजी सुराणा
28.04.1941 - 19.09.2008

स्वयं को अर्पित करके आपने, जीवन उपवन किया मनोहर ।
आपसे ही हमने, दान–दया–धर्म–सेवा, संस्कारों की पाई धरोहर ।।
आपसे जो सीखा पाया, वह है हमारे जीवन की पूँजी ।
चाहे शब्द हजारों बांधें, फिर भी शायद न कह पाएं, न लिख पाएं ।।

श्रद्धावनत
समस्त सुराणा परिजन
बालराई (राज.)– बेंगलोर

MICRO LABS LIMITED
# 31, Race Course Road, Bangalore - 01
Ph. : 080-22370451-55 Fax : 080-22370463

Surana College • Surana Vidyalaya
SURANA EDUCATIONAL INSTITUTIONS
# 16, South End Road, Bangalore - 560 004.
Ph. : 080-26642292 Fax : 080-26541095

# एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत, बच्चों के लिए खोले जा सकेंगे खाते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की शुरुआत की जिसमें माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है।

माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान 1,000 रुपए है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपए का योगदान करना होगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों से निकासी के दिशानिर्देशों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में एनपीएस वात्सल्य योजना को शुरू करते हुए कहा कि इस पेंशन व्यवस्था ने बहुत प्रतिस्पर्धी रिटर्न दिया है और यह भविष्य की आय सुनिश्चित करते हुए लोगों को बचत का विकल्प मुहैया कराती है।

पिछले 10 वर्षों में एनपीएस के 1.86 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 13 लाख करोड़ रुपए है। एनपीएस वात्सल्य योजना पहले से ही चली आ रही एनपीएस योजना का बच्चों तक किया गया विस्तार है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का खाता खोला जा सकता है जो उनके 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपने-आप नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाएगा। हालांकि, एनपीएस वात्सल्य योजना



के तहत खोले गए खाते में पेंशन केवल 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर ही आएगी। सीतारमण ने कहा कि एनपीएस ने शेयर, कॉरपोरेट ऋण और सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर क्रमशः 14 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत रिटर्न हासिल किया है।वित्त मंत्री ने जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करते समय एनपीएस वात्सल्य योजना लाने की घोषणा की थी। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित कई ऋणदाताओं ने 'एनपीएस वात्सल्य' की पेशकश के लिए पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए के साथ हाथ मिलाया है। आईसीआईसीआई बैंक ने एनपीएस वात्सल्य के तहत कुछ बच्चों के खाते पंजीकृत करके मुंबई में अपने सेवा केंद्र में योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर वित्तीय सेवा सचिव नागराजू मद्दीराला ने कहा कि सरकार ग्राहकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए पेंशन योजना में सुधार करेगी। मद्दीराला ने कहा, वात्सल्य योजना की घोषणा होने के बाद से ही हमें इसमें सुधार के लिए प्रतिक्रिया और सुझाव मिल रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे और वात्सल्य योजना को लागू करेंगे, हम उसमें सुधार करने की कोशिश करेंगे ताकि जताई गई चिंताओं का ध्यान रखा जा सके।''



## जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का मतदान समाप्त, 58.85 प्रतिशत हुआ मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 24 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और पहले चरण में औसतन 58.85 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार केन्द्रशासित प्रदेश के सभी 3,276 मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्त होने तक इंद्रवाल निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 80.06 प्रतिशत और त्राल में सबसे कम 40.58 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अनंतनाग सीट में औसतन 41.58 प्रतिशत, अनंतनाग पश्चिम में 45.93, बनिहाल में 68.00, भद्रवाह में 65.27, डी. एच. पोरा में 68.00, देवसर में 54.73, डोडा में 70.21, डोडा पश्चिम में 74.14, दुरू में 57.90, किश्तवाड़ में 75.04, कोकरनाग(सुरक्षित) में 58.00, कुलगाम में 62.70, पद्दर-नागसेनी में 76.80, पहलगाम में 67.86, पम्पोर में 44.78, पुलवामा में 50.42, राजपोरा में 48.07, रामबन में 67.34, शांगसु-अनंतनाग में 52.94, शोपियां में 54.72, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा में 56.02 और जैनापोरा में 52.64 प्रतिशत मतदान हुआ।




## मंत्रिमंडल ने 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' के विकास को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को शुक्र ग्रह संबंधी खोज और अध्ययन के लिए 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' (शुक्रयान) के विकास को मंजूरी दे दी।

अंतरिक्ष विभाग द्वारा संचालित 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' में शुक्र ग्रह की कक्षा में एक अंतरिक्ष यान स्थापित करना शामिल होगा, ताकि इसकी सतह व उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सके। एक बयान में कहा गया कि शुक्र, जो पृथ्वी का सबसे निकटतम ग्रह है और माना जाता है कि इसका निर्माण पृथ्वी के समान परिस्थितियों में हुआ है, यह समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है कि ग्रहों का वातावरण किस प्रकार बहुत अलग तरीके से विकसित हो सकता है। इसमें कहा गया है कि शुक्र ग्रह में हुए बदलाव के अंतर्निहित कारणों का अध्ययन शुक्र और पृथ्वी दोनों ग्रहों के विकास को समझने में काफी सहायक साबित होगा। मंत्रिमंडल ने इस अभियान के लिए 1,236 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जिनमें से 824 करोड़ रुपए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा अंतरिक्ष यान के विकास पर खर्च किए जाएंगे।

## भारतीय डाक को लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने की योजना, राजस्व बढ़ाने पर जोर : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार भारतीय डाक को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने और अगले तीन-चार साल में विभाग के राजस्व में 50-60 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को यहां 'पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया' (पीएएफआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि देश के लगभग 25,000 ऐसे गांवों को अगले साल तक मोबाइल नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा जहां अभी मोबाइल नेटवर्क नहीं है।

सिंधिया ने कहा, डाक विभाग तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हमारा कारोबार करीब 12,000 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है। मैं अगले तीन-चार वर्षों में इसे 50-60 प्रतिशत तक बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के दरवाजे तक सेवाएं पहुंचाने की क्षमता है। ऐसे में भारतीय डाक के राजस्व को बढ़ाने के लिए सभी संभावित सेवाओं पर विचार किया जाएगा। सिंधिया ने कहा, हमें खुद को 'सिर्फ मेल और पत्र' कारोबार से अलग करना होगा। हमें खुद को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलना होगा। हमें मार्ग के अधिकतम उपयोग, अपनी सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई स्रोतों पर ध्यान देना होगा। पूर्वोत्तर में विकास के बारे में दूरसंचार मंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च कर रही है। इसमें सड़क नेटवर्क पर 48,000 करोड़ रुपए का निवेश भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के 6,000 गांवों और देश भर के 25,000 गांवों में अभी भी मोबाइल टावर नहीं हैं।

## सरकार ने सहारा समूह के जमाकर्ताओं के लिए राशि वापसी की सीमा बढ़ाकर 50,000 रु. की

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सहारा समूह सहकारी समितियों के छोटे जमाकर्ताओं के लिए वापस की जाने वाली राशि की सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने अब तक सीआरसीएस (सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक)-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4.29 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपए जारी किए हैं। अधिकारी ने कहा, ''रिफंड राशि की सीमा 50,000 रुपए तक बढ़ने से अगले 10 दिन में लगभग 1,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा''

उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते छोटे जमाकर्ताओं के लिए 'रिफंड' राशि की सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी गई थी। सरकार 'रिफंड' जारी करने से पहले जमाकर्ताओं के दावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सहारा समूह की चार बहु-राज्य सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं की वैध जमा राशि की वापसी के दावे प्रस्तुत करने के लिए सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल 18 जुलाई, 2023 को पेश किया गया था।

## भाजपा सरकार के लिए थप्पड़ साबित होगा कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ : विनेश फोगाट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जींद/भाषा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार और पहलवान विनेश फोगाट ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ पांच अक्तूबर को मतदान के दिन भाजपा सरकार के लिए एक थप्पड़ साबित होगा।

जींद जिले के जुलाना में जनसभा को संबोधित करते हुए विनेश ने कहा, हमारी पार्टी कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ इस बार थप्पड़ की तरह भाजपा पर लगेगा। पांच अक्तूबर को यह थप्पड़ भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर हरियाणा के लोगों का सम्मान न करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसी सरकार की जरूरत नहीं है, जो अपने लोगों का सम्मान न करे। कांग्रेस नेता ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हम पिछले 10 साल से जारी अपमान और बेरोजगारी का बदला लेना चाहते हैं और हम अपने सम्मान की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने को तैयार हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने हमारे सम्मान का ध्यान नहीं रखा। विनेश फोगाट भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में प्रमुख चेहरा थीं।

## आंशिक रूप से पुनः प्रयोज्य अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) के विकास को मंजूरी दे दी, जिसकी पेलोड क्षमता (भार ले जाने की क्षमता) इसरो के लॉन्च व्हीकल मार्क-3 की तुलना में तीन गुना अधिक है।

उसने एनजीएलवी के विकास, तीन विकासात्मक उड़ानों, आवश्यक सुविधा, कार्यक्रम प्रबंधन और प्रक्षेपण अभियान के लिए 8,240 करोड़ रुपए आवंटित किए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के उतरने की क्षमता विकसित करने के भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसमें कहा गया है कि एनजीएलवी में प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) की तुलना में तीन गुना अधिक पेलोड क्षमता होगी और लागत 1.5 गुना अधिक होगी। साथ ही कहा गया है कि आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष तक कम लागत में पहुंच प्रदान करेगा। एनजीएलवी का प्रदर्शन 3 विकास उड़ानों के साथ किया जाएगा। सरकार ने विकास चरण को पूरा करने के लिए 96 महीने (8 वर्ष) का लक्ष्य रखा है।

## फरीदाबाद : फर्जी वीजा बनाकर लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**फरीदाबाद/भाषा।** हरियाणा के फरीदाबाद में फर्जी वीजा बनाकर विदेश भेजने के नाम पर लोगों के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में अपराध शाखा ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो हरिद्वार का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया पांच जुलाई 2023 को बल्लभगढ़ सिटी थाने में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी व उसके साथियों ने फरीदाबाद के रहने वाले दो व्यक्तियों को विदेश भेजने के नाम पर उनसे 24.55 लाख रुपए ठग लिए थे।

## केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे, सुरक्षा छोड़ेंगे : आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ देंगे और 15 दिनों में अपना आधिकारिक आवास छोड़कर आम नागरिक की तरह रहने लगेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने यह बात उनके इस्तीफा देने के एक दिन बाद बुधवार को कही।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने सबसे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास छोड़ने का फैसला लिया। सिंह ने कहा था कि



केजरीवाल एक सप्ताह में 6-फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला खाली कर देंगे, जबकि आप ने बाद में स्पष्ट किया कि निवर्तमान मुख्यमंत्री और उनका परिवार 15 दिनों में ऐसा करेगा।

सिंह ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार के लिए उपयुक्त आवास की तलाश जारी है। आप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ईमानदारी और त्याग की मिसाल पेश करते हुए अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास छोड़ देंगे और सरकारी सुरक्षा भी त्याग देंगे।'' केजरीवाल जब 2013 में पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे तब वह पुरानी नीली 'वैगन आर' कार में सफर करते थे। आप नेता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं हैं और उन पर पूर्व में ''कई बार हमला'' हो चुका है। सिंह ने कहा, ''उनके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और बच्चे हैं। हम सभी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हमने उन्हें समझाने की कोशिश की कि उन्हें खतरा है। फिर भी उन्होंने घर से बाहर जाने का फैसला किया है।'' सिंह ने कहा, ''केजरीवाल ने कहा कि वह खूंखार अपराधियों के बीच छह महीने तक जेल में रहे और भगवान ने उनकी रक्षा की तथा आगे भी करते रहेंगे।''

## 'एक देश, एक चुनाव' से संघवाद नष्ट हो जाएगा : असदुद्दीन ओवैसी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 'एक देश, एक चुनाव' का लगातार विरोध किया, क्योंकि इससे संघवाद समाप्त हो जाएगा और लोकतंत्र से समझौता होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से 'एक देश, एक चुनाव' के संबंध में की गई सिफारिश को मंजूर किए जाने के कुछ ही मिनट बाद हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि समय-समय पर चुनाव कराने से लोकतांत्रिक जवाबदेही में सुधार आता है। ओवैसी ने कहा, ''मैंने 'एक देश, एक चुनाव' का लगातार विरोध किया है, क्योंकि यह समाधान नहीं, बल्कि एक समस्या है। यह संघवाद को नष्ट कर देगा और लोकतंत्र से समझौता करेगा, जो हमारे संविधान के मूलभूत ढांचे का हिस्सा है।''

## तेलंगाना सरकार ने एमएसएमई नीति जारी की, क्षेत्र के विकास के लिए 4,000 करोड़ रु. खर्च करेगी

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर अगले पांच साल में 4,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। उन्होंने तेलंगाना एमएसएमई नीति-2024 पेश करते हुए यह बात कही। नई नीति के अनुसार, एमएसएमई के विकास में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने सुधार को लेकर छह क्षेत्रों की पहचान की है। ये क्षेत्र हैं, भूमि की उपलब्धता और पहुंच में सुधार, वित्त तक आसान पहुंच, कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, श्रम बाजारों में सुधार, प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करना और बाजारों तक पहुंच बढ़ाना।

## भारत को तीसरे या चौथे सबसे बड़े ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाए : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भारत को तीसरे या चौथे सबसे बड़े ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाए : भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि भारत को विश्व में ग्रीनहाउस गैसों के तीसरे या चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उसके प्रति व्यक्ति कम उत्सर्जन पर गौर किया जाना चाहिए।



गुजरात के गांधीनगर में 'ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो' के एक सत्र में अपने संबोधन में यादव ने कहा कि दुनिया की 17 फीसदी जनसंख्या भारत में रहती है, लेकिन उसका वैश्विक कार्बन उत्सर्जन पांच प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, विकसित देशों की संयुक्त 17 प्रतिशत आबादी का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक उत्सर्जन का 60 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, '' भारत को विश्व में ग्रीनहाउस गैसों के तीसरे या चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भले ही (कुल) कार्बन उत्सर्जन के मामले में हम 'चौथे या पांचवें' स्थान पर हैं, लेकिन हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन विकसित देशों की तुलना में काफी कम है।''

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जब जीवाश्म ईंधन के उपयोग की बात आती है, तो भारत सहित विकासशील देशों का मानना है कि उनकी अब भी महत्वपूर्ण विकास आवश्यकताएं हैं और इसलिए 'साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों' के सिद्धांत को इस मुद्दे पर बातचीत का आधार बनाना चाहिए।

इस सिद्धांत में इस तथ्य को स्वीकारा गया है कि वैसे तो जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर ध्यान देने की जिम्मेदारी सभी देशों की है, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर विकसित देशों का वैश्विक उत्सर्जन में अधिक हाथ रहा है और उनके पास इस समस्या के समाधान के वास्ते अधिक वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी क्षमताएं भी हैं।

विकासशील देशों की दलील है कि चूंकि गरीबी उन्मूलन एवं बुनियादी ढांचा विकास के तौर पर उनकी बड़ी विकास जरूरतें हैं, जिनके लिए उन्हें निकट भविष्य में जीवाश्म ईंधन के निरंतर उपयोग की जरूरत हो सकती है।

वे समता एवं निष्पक्षता की वकालत करते हैं तथा स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए और समय तथा सहयोग का अनुरोध करते हैं, ताकि उनकी विकास जरूरतों की पूर्ति हो सके।

## भाजपा नेता सुर्खियां बंटोरने के लिए राहुल गांधी को निशाना बना रहे : सुखविंदर सुक्खू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुर्खियां बंटोरने के लिए राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं और उनके खिलाफ टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और हिमाचल प्रदेश इस तरह की टिप्पणियों की निंदा करता है।

सुक्खू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''कांग्रेस भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध कर रही है और देश को एकजुट करने के लिए 'भारत जोड़ो' यात्रा शुरू करने वाले राहुल गांधी जनता की आवाज हैं। इसलिए भाजपा अपने नेताओं का इस्तेमाल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ बयानबाजी के लिए कर रही है।'

सुक्खू ने रेल राज्यमंत्री रवनीत बिट्टू की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि जब वह (बिट्टू) कांग्रेस में थे, तब राहुल के प्रबल समर्थक हुआ करते थे। बिट्टू ने राहुल को 'देश का नंबर एक आतंकवादी' बताया था। सुक्खू ने कहा कि बिट्टू जब कांग्रेस में थे, तब वह राहुल की खूब तारीफ किया करते थे। उन्होंने बिट्टू की टिप्पणी को सुर्खियां बंटोरने का प्रयास करार दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर भारत में चुनाव के समय भाजपा नेता जानबूझकर केंद्र सरकार की विफलता से ध्यान भटकाने और सुर्खियों में बने रहने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं।

सुक्खू ने कहा कि ऐसा लगता है कि बिट्टू कुर्सी के लिए सिद्धांतों की बलि चढ़ा रहे हैं।

सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा व शिवसेना के अन्य नेताओं के बयान की निंदा करते हुए कहा कि बिट्टू का लोगों की भलाई से कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपने नेताओं से लोकतंत्र में पवित्रता बनाए रखने के लिए कहना चाहिए।

# एक राष्ट्र एक चुनाव एक मजाक है : डीके शिवकुमार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को एक राष्ट्र एक चुनाव की बात को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि हमारे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसा संभव नहीं है। कुमारपार्क सरकारी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह विडंबना है कि 'ऑपरेशन लोटस' की समर्थक भाजपा एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कर रही है। भाजपा कई राज्यों में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। यह क्षेत्रीय दलों के विकास को रोकने का एक और प्रयास है।

उन्होंने कहा, हमारे देश में पहले एक राष्ट्र एक चुनाव था और कर्नाटक में भी एक साथ चुनाव हुए। लेकिन उसके बाद यह संभव नहीं हो सका क्योंकि विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने तरीके अपनाने का फैसला किया। अब इसे कैसे लागू किया जा सकता है? उन्होंने कहा, बीजेपी जो करने की कोशिश कर रही है, वह सही नहीं है क्योंकि संसद में उसके पास एक तिहाई बहुमत भी नहीं है। बीजेपी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और सभी दलों की राय लेनी चाहिए। जब तक वह ऐसा नहीं करती, तब तक ये प्रस्ताव निरर्थक हैं। उन्हें पहले महिला आरक्षण और परिसीमन पर कार्रवाई करनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में, हम अपने वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के विचारों से सहमत हैं।

### वोक्कालिगा नेताओं की बैठक

मुनिरत्ना के जातिवादी अपशब्दों पर वोक्कालिगा प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने वोक्कालिगा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को 18 सितंबर की शाम को मिलने का समय दिया है। आपने इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता आर अशोक के 'रत्नों' को देखा होगा, मैं इस पर बाद में टिप्पणी करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या एचडी देवगौड़ा सर्वोच्च वोक्कालिगा नेता हैं, उन्होंने कहा, हमने यह नहीं कहा कि देवगौड़ा देश के सर्वोच्च नेता नहीं थे। वह देश के प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस पार्टी ने ही उन्हें प्रधानमंत्री बनाया था। भाजपा ने उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनाया। जब जेडीएस ने सत्ता हस्तांतरित नहीं की तो येडीयुरप्पा और आर अशोक ने क्या कहा था?

भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि डीके ब्रदर्स भाजपा विधायक मुनिरत्ना के खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा, क्या मुनिरत्ना हमारे निर्देश पर बात कर रहे थे? मैंने ऑडियो टेप सुना है और मुझे पता चला है कि स्वामीजी ने भी ऑडियो सुना है। संवाद लेखक, निर्देशक और निर्माता सभी उनके साथ ही हैं।



बुधवार को बेंगलूरु में मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने नशे की समस्या और उस पर नियंत्रण को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडूराव, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नजीर अहमद, प्रमुख शासन सचिव डॉ. शालिनी रजनीश, उप मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एल.के. अतीक, गृह विभाग के सहायक मुख्य सचिव उमाशंकर, डीजीपी आलोक मोहन, बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी को गैर-संज्ञेय अपराध बनाने का संकल्प लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बुधवार को बताया कि उनकी सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी को गैर-संज्ञेय अपराध बनाने पर विचार किया है, जिसके लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास हो सकती है। सिद्दरामय्या ने एक मंत्रिस्तरीय कार्यबल के गठन की भी घोषणा की। उन्होंने मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति सरकार की कतई बरदाश्त न करने की नीति को रेखांकित किया और कहा कि सरकार इस सामाजिक खतरे से छुटकारा पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग के मुद्दे पर एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडूराव, चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खरगे, शहरी विकास मंत्री बैरती सुरेश तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों समेत शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

सिद्दरामय्या ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, समाज के विभिन्न वर्गों और मीडिया के जरिये कर्नाटक में मादक पदार्थों का खतरा राज्य सरकार के संज्ञान में आया है, इसलिए मैंने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने कहा, आज राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समितियों के ऊपर गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक कार्यबल गठित करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री, प्राथमिक एवं उच्च शिक्षा मंत्री, समाज कल्याण मंत्री, चिकित्सा शिक्षा मंत्री इसके सदस्य होंगे। वे समय-समय पर बैठकें कर स्थिति की समीक्षा करेंगे और उपाय सुझाएंगे।

सिद्दरामय्या ने कहा कि इस बात पर भी विचार किया जाएगा कि कानून को मजबूत करने के लिए क्या किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि जरूरत पड़ी तो हम संशोधन करेंगे और यदि नये कानून लाने की जरूरत पड़ी तो हम ऐसा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थ संबंधी अपराध गैर-जमानती होने चाहिए। उन्होंने बताया कि अपराध की गंभीरता के आधार पर तस्करी में शामिल लोगों के लिए न्यूनतम दस साल से लेकर अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया जा सकता है।

# 'इंडि' गठबंधन जल्द केंद्र में सरकार बनाएगा : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बुधवार को दावा किया कि विपक्षी 'इंडि' गठबंधन जल्द ही केंद्र में सरकार बनाएगा। उन्होंने पूर्वानुमान लगाया कि केंद्र की मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी।

सिद्दरामय्या ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाकर दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगने के बाद राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं ...हम 100 (सीट) पर पहुंच गए हैं, हम जल्द सरकार बनाएंगे, (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे। मैं भविष्यवाणी में विश्वास नहीं करता लेकिन फिर भी राजनीतिक घटनाक्रम के आधार पर यह कह रहा हूं।''

अपने कार्यालय 'कृष्णा' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, (केंद्र) सरकर में हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए... जनता



दन यूनाइटेड (जदयू) और (एन) चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के समर्थन से वह (मोदी) टिके (प्रधानमंत्री पद पर) हुए हैं। वे किसी भी समय समर्थन वापस ले सकते हैं, तब क्या होगा?

सिद्दरामय्या ने कहा कि ''उनके बयान 'राजनीतिक घटनाक्रम' के आधार पर है। उन्होंने कहा, जो हमें सूचना मिली है, वैसा हो भी सकता है या नहीं भी हो सकता है। राजनीतिक घटनाक्रम के मुताबिक मुझे नहीं लगता कि यह सरकार (केंद्र) की अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी।''

भाजपा ने दावा किया है कि सिद्दरामय्या सरकार का पतन हो जाएगा। इस बारे में पूछे जाने पर सिद्दरामय्या ने कहा, ''हमने 136 सीट (224 सदस्यीय विधानसभा में) जीती है। यह कैसे गिर सकती है? इसलिए हमारी सरकार गिरने के ऐसे दावों पर गौर मत कीजिए।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने हालिया समय में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की झूठे आरोपों के आधार पर आलोचना की। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वे उन्हें धमकी दे रहे हैं और उनकी लोकप्रियता को कम करने के लिए उन्हें निशाना बना रहे हैं।

सिद्दरामय्या ने कहा, ''राहुल गांधी धमकियों और जान के खतरे के आगे नहीं झुकेंगे। जो उनकी लोकप्रियता को बचा नहीं पा रहे हैं, वे ऐसे कृत्यों में संलिप्त हैं।'' मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह, रवनीत सिंह बिट्टू और रघुराज सिंह के साथ-साथ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के बयानों का संदर्भ देते हुए कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को सीधी धमकी दी है।

जब पूछा गया कि क्या भाजपा से राहुल गांधी की जान को खतरा है तो सिद्दरामय्या ने सवाल किया, वे क्या कर रहे हैं? वे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसका क्या अभिप्राय है कि आपका हश्र भी आपकी दादी की तरह होगा? ... राहुल गांधी की जीभ काटने पर 11 लाख रुपये की इनाम की घोषणा कर क्या रहे हैं? जान से मारने की धमकी देकर राजनीतिक रूप से उन्हें निपटाने की कोशिश की जा रही है। कर्नाटक कांग्रेस और हमारी सरकार इसकी कड़ी निंदा करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जान से मारने की धमकी छोटी बात नहीं है। कोई कार्रवाई नहीं कर वे ऐसे आरोपी लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जो राहुल जी के खिलाफ बयान दे रहे हैं...मैं ऐसे लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर, कार्रवाई की अपील करता हूं। अगर भाजपा सोचती है कि वे इस तरह के कृत्यों से राहुल को राजनीतिक रूप से निपटा देगी तो यह उसकी बेवकूफी है। कांग्रेस भी ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी।''

# भाजपा विधायक मुनिरत्ना की जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में विधायकों/सांसदों के लिए एक विशेष अदालत ने भाजपा विधायक एन. मुनिरत्न की जमानत याचिका पर अपना आदेश बृहस्पतिवार के लिए सुरक्षित रख लिया।



शिकायतकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सूर्य मुकुंदराज ने बुधवार को दलील दी कि जमानत देने से सबूत नष्ट हो सकते हैं, खासकर तब जब घटना विधायक के कार्यालय परिसर में हुई हो। उन्होंने अदालत से जमानत न देने का आग्रह किया। यहां केंद्रीय कारागार में बंद मुनिरत्ना का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील अशोक हरनाली ने दलील दी कि शिकायत में इस बात का विवरण नहीं है कि कथित दुर्व्यवहार कब हुआ्। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा कि अगर फोरेंसिक जांच से यह पुष्टि हो जाती है कि मुनिरत्न की आवाज उस ऑडियो क्लिप से मेल खाती है, जिसमें कथित तौर पर जातिवादी गालियां दी गई थीं, तो सरकार कार्रवाई करेगी। पूर्व मंत्री मुनिरत्न को उनके खिलाफ दो मामले दर्ज होने के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक मुनिरत्ना को रिश्वत के लिए बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के एक ठेकेदार को परेशान करने, एक पूर्व पार्षद के खिलाफ जातिसूचक गाली देने, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और एक महिला का शील भंग करने के आरोप में कोलार के मुलबागल के नांगली गांव से हिरासत में लिया गया था।

शिकायतकर्ताओं में से एक ठेकेदार चेलुवराजू ने अपने और मुनिरत्न के बीच फोन पर हुई बातचीत की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की है, जिसमें मुनिरत्न ने वोक्कालिगा और दलित समुदाय के लोगों के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।



# गणेश विसर्जन के दौरान झड़प में तीन लोगों पर चाकू से हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन से पहले निकाली गयी एक शोभायात्रा के दौरान झगड़ा होने के बाद तीन लोगों पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सुबह हमले में दर्शन पाटिल, सतीश पुजारी और प्रवीण गुंड्यागोल को चोटें आयी हैं और उनका एक अस्पताल में उपचार हो रहा है।

बेलगावी के पुलिस आयुक्त इदा मार्टिन ने पत्रकारों से कहा, हमें पता चला है कि शोभायात्रा के दौरान झड़प हुई और पुलिस ने बीच-बचाव किया तथा चेतावनी देकर दोनों पक्षों को छोड़ दिया। इसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ीं।

उन्होंने कहा, ''हमारी सूचना के अनुसार, एक पीड़ित तथा एक आरोपी के बीच छह-सात महीने पहले हुई लड़ाई के कारण पुरानी दुश्मनी थी।'' उन्होंने कहा कि यह घटना इसका परिणाम हो सकती है और इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि चोटें मामूली हैं। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि चाकूबाजी में कौन लोग शामिल थे और हम आरोपियों को गिरफ्तार कर लेंगे।'' यह पूछने पर कि क्या गांजे का ''नशा करने'' के कारण झगड़ा हुआ, इस पर उन्होंने कहा कि यह जांच से ही पता चलेगा। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज किया जा रहा है।

# तिरुवल्लुवर के जन्मदिवस की सही तिथि बताने के लिए कोई पुख्ता सामग्री उपलब्ध नहीं : उच्च न्यायालय

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि तमिल संत-कवि तिरुवल्लुवर के जन्मदिवस की सही तिथि को दर्शाने के लिए कोई ठोस सामग्री नहीं है। इसके साथ ही न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें तमिलनाडु सरकार द्वारा तमिल माह 'थाई' (जनवरी) के दूसरे दिन तिरुवल्लुवर का जन्मदिन मनाये जाने को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति एम. दंडपाणी ने तिरुवल्लुवर थिरुनट कषगम के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सैमी त्यागराजन द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

न्यायाधीश ने कहा कि महान संत तिरुवल्लुवर ने अपने बहुचर्चित दोहों के माध्यम से संहिताबद्ध जीवन व्यतीत किया, जो 'तिरुक्कुरल' नामक संकलन में शामिल हैं। महान कृति तिरुक्कुरल तमिलों की महान संस्कृति और भाषा की महानता का भी प्रमाण है, जिसके समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक मूल्य की व्याख्या के लिए अतिरिक्त शब्दों की आवश्यकता नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि पूरी याचिका में तिरुवल्लुवर के जन्मदिवस को प्रमाणित करने वाला एक भी कथन या कोई पुख्ता सामग्री नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि किसी ठोस सबूत के अभाव में अदालत प्राधिकारियों को याचिकाकर्ता द्वारा दावा किए गए जन्मदिन को तय करने के लिए कोई सकारात्मक निर्देश नहीं दे सकती।

# पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 'हिस्ट्री शीटर'

चेन्नई। तमिलनाडु में 50 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त एक हिस्ट्री शीटर' ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में वह मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) प्रवेश कुमार ने घटना के सिलसिले में जानकारी देते हुए यहां संवाददाताओं को बताया कि तड़के साढ़े चार बजे वाहन जांच के दौरान पुलिस ने उत्तरी चेन्नई के एक इलाके में एक कार को रोका।

उन्होंने बताया कि कार में आगे की ओर बैठा एक व्यक्ति अपने बैग में रखे सामान के बारे में सवाल का जवाब देने के लिए हिचकिचाते हुए गाड़ी से बाहर निकला जबकि गाड़ी चला रहा व्यक्ति वाहन की गति बढ़ा कर भाग निकला। उन्होंने बताया कि गाड़ी चला रहे व्यक्ति की पहचान बाद में कक्कथोप्पु' बालाजी के रूप में हुई।

उन्होंने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक ने दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर गाड़ी से उसका पीछा किया। उन्होंने बताया कि काफी दूर जाने के बाद गाड़ी एक ऐसी जगह पहुंची, जहां से आगे बढ़ना मुश्किल था। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी ने अपनी गाड़ी से उतरने की कोशिश की, जिसके बाद आरोपी ने उनपर गोली चला दी और गोली सामने के शीशे पर लगी। उन्होंने बताया कि हमलावर से गोली नहीं चलाने के लिए कहते हुए पुलिस निरीक्षक अपनी गाड़ी से बाहर निकले और उसी समय एक और गोली उनकी गाड़ी में लगी। अधिकारी ने बताया, 'निरीक्षक ने एक गोली चलाई, (जो छाती के बाएं हिस्से में लगी) जिससे संदिग्ध घायल हो गया और वही गिर गया।



# दक्षिण पश्चिम रेलवे ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और वृक्षारोपण शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) ने दो सप्ताह तक चलने वाला स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा 2024 शुरू किया है, जो 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान हिस्से के रूप में, दपरे ने स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 17 सितम्बर को मुख्यालय रेल सौधा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने रेल सौधा के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई, जिसमें सभी को अपने आस-पास और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

व्यापक स्वच्छता ही सेवा अभियान के हिस्से के रूप में, यह पहल रेलवे कर्मचारियों और जनता को रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालयों और अन्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता बढ़ाने के प्रयासों में शामिल करेगी। अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अनुरूप, इस कार्यक्रम में न केवल शारीरिक स्वच्छता पर बल्कि व्यक्ति के मूल्यों के एक हिस्से के रूप में स्वच्छ आदतों पर भी जोर दिया गया। महाप्रबंधक ने व्यक्तिगत कल्याण और राष्ट्र के समग्र विकास दोनों के लिए स्वच्छ और स्वास्थ्यकर वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जहाँ महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने इस अवसर पर एक पौधा लगाया। इस पहल ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति दक्षिण पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। वृक्षारोपण स्थिरता की दिशा में एक कदम है, जो पर्यावरण संरक्षण पर संगठन के फोकस को आगे बढ़ाता है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख विभागाध्यक्ष और कर्मचारी सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने शपथ और वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे स्वच्छ और हरित भविष्य की खोज में एकजुट प्रयास का प्रदर्शन हुआ।

# केरल में एक व्यक्ति में एमपॉक्स संक्रमण की पुष्टि

मलप्पुरम/भाषा। केरल के उत्तरी मलप्पुरम जिले में इलाज करा रहे 38 वर्षीय एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) संक्रमण की पुष्टि हुई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात से लौटे इस व्यक्ति को एमपॉक्स के लक्षण दिखाई देने के बाद पहले ही यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंत्री ने विदेश से आने वाले लोगों सहित सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर उन्हें सूचित करें और जल्द से जल्द उपचार कराएं। जॉर्ज ने बताया था कि लक्षण दिखाई देने पर व्यक्ति ने एहतियाती कदम उठाते हुए खुद को अपने परिवार से अलग कर लिया और फिलहाल वह यहां मंजेरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती है।

# स्टालिन ने केंद्र से राहुल गांधी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की 'जान को खतरा' होने संबंधी खबरों पर हैरत जताते हुए केंद्र से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी के एक नेता द्वारा राहुल गांधी को दी गई धमकी कि उनका भी वही हश्र होगा जो उनकी दादी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) का हुआ था और शिवसेना (शिंदे) के एक विधायक की राहुल गांधी की जीभ काटने पर इनाम की घोषणा तथा अन्य धमकी भरे बयानों की खबरों से मैं बुरी तरह सकते में हूं।''

**PUBLIC NOTICE**



**Shiv Kumar Rathi**

I, Gopal Das Gopikishan Rathi son of late Gopikishan Rathi, permanently residing at Karni Process, Gat no. 892, 23/137 Shahpur Road, Ichalkaranji, Maharashtra-416121 do hereby declare and state to the general public at large that I am hereby disowning and disinheriting my son Shiv Kumar Rathi. I am constrained to take this step in view of his actions which I am unable to approve of. Members of the public dealing with my son Shiv Kumar Rathi are hereby put on notice that henceforth he shall not have and shall not be permitted to have any relationship or contact with me. Neither I nor my estate shall be, in any way, liable for the actions or debts or claims against my son Shiv Kumar Rathi.

Sd/- Gopal Das Rathi

एन एफ एल NFL नवरत्न कम्पनी

**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
आंचलिक विपणन कार्यालय – हैदराबाद- #3-6-666 बरवाले चैंबर्स, स्ट्रीट नंबर 10, हिमायत नगर, हैदराबाद–500029
(टीएस) फोन नंबर:– 040–29701389

Ref No: NFL/HYD/Agro Chem./C&F/01/2024 दिनांक: 19.09.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में कृषि रसायनों के लिए कैरिंग एंड फारवर्डिंग (सीएंडएफ) एजेंट और सीएंडएफ से डीलर के स्थानों तक परिवहन के लिए संभावित निविदादाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरणों के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app(e-tendering) एवं www.nationalfertilizers.com (Homepage) देखें। **ई–निविदा सं. 2024_NFL_208435_1** है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/तकनीकी निविदा दस्तावेज खुलने की तिथि **26.09.2024 को 15.30 बजे/27.09.2024 को 15.30** बजे है। इस निविदा का कोई भी शुद्धिपत्र केवल हमारी वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा।

आंचलिक प्रबंधक – हैदराबाद

एनएफएल : नवरत्न कम्पनी





# अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि रखते हुए कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया।

श्रीमती मुर्मु बुधवार को एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं, तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में राष्ट्र महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है कि ताकि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े। राष्ट्रपति ने समारोह में 805 स्नातक, 477 स्नातकोत्तर और 79 पीएचडी विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की और 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने छात्रों के लिए निर्मित अरावली छात्रावास का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' की जो संकल्पना संजोई है, उसका मूल आधार यही है कि देश सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर आगे बढे। इसमें युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अर्जित तकनीकी ज्ञान का राष्ट्र के विकास में उपयोग करने पर जोर दिया।

बागडे ने एमएनआईटी में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विभाग की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि युवा टेक्नोक्रेटस के लिए आने वाले समय में इससे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, परन्तु इस ज्ञान के साथ यदि नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहेंगे तभी हम सबका साथ, सबका विकास को सही मायने में सफलीभूत कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की बौद्धिक संपदा है। उन्हें देश के लोकतंत्र और बहुलता के आदर्शों को पूरी तरह से समझते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भारतीय संस्कृति और 'सर्वे भवन्तु सुखिन' के अंतर्गत सबके मंगल की कामना को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को राष्ट्र आराधना करते हुए देश और समाज की उन्नति के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को व्यसन मुक्त रहने और अपने अंदर नैतिक गुणों का अधिक से अधिक विकास किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ तालमेल रखने, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने और जो भी काम मिले, उसे लगन से करने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि प्रयास रहेगा कि राजस्थान के सभी विश्वविद्यालय नैक रैंकिंग प्राप्त करें। पूरे देश में राज्य के विश्वविद्यालय गुणवत्ता की शिक्षा में अग्रणी रहें। उन्होंने संस्थान के आचार्यों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि के लिए कार्य करें। नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें, जिससे वे रोजगार पाने के योग्य नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा आगामी 5 वर्षों में चार लाख सरकारी भर्तियां की जाएगी। इस वर्ष भी एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 तथा कौशल क्षमता विकास के लिए नई स्टेट स्किल पॉलिसी लाई जा रही है, जिससे युवाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सके। शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने तथा उनमें उद्यमिता बढ़ाने के लिए अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं को देश-विदेश के उत्कृष्ट सीईओ का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही, इसके तहत चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रूपए तक की फंडिंग भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जयपुर, भरतुपर, बीकानेर और उदयपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सके।



## राज्यपाल ने दी भाव भरी विदाई

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जयपुर से लौटने पर बुधवार को हवाई अड्डे पर भाव भरी विदाई दी। इससे पहले उन्होंने द्रौपदी मुर्मु का राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। उन्होंने मुर्मु को राजभवन के अतिथि गृह में शॉल ओढ़ाकर और इस संक्षिप्त यात्रा के स्मरण स्वरूप राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी की हुई फूल-पत्ती, मयूर उकेरा हुआ स्मृति चिन्ह प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने भी राज्यपाल को अपनी ओर से शॉल ओढ़ाते हुए, राष्ट्रपति भवन का कलात्मक मढ़ा हुआ छायाचित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति लाएगी सरकार : मुख्यमंत्री शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 लाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू थीं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रही है, सरकार द्वारा आगामी पांच साल में चार लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इस वर्ष भी एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है।

आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा, राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 तथा कौशल क्षमता विकास के लिए नयी राज्य कौशल नीति लाई जा रही है, जिससे युवाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सके। शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने तथा उनमें उद्यमिता बढ़ाने के लिए 'अटल उद्यमी योजना' शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं को देश-विदेश के उत्कृष्ट सीईओ का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही, इसके तहत चयनित स्टार्टअप को 10 करोड़ रूपए तक की फंडिंग भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते हुए परिदृश्य में विद्यार्थी अपनी विशेषज्ञता से न केवल नयी तकनीक का विकास कर सकते हैं, बल्कि अनेक समस्याओं के समाधान में भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपनी असीमित क्षमता का उपयोग करते हुए देश और प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# राजस्थान के कई इलाकों में बारिश के आसार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्वी हिस्से में अगले 24 घंटे तक बारिश होने की संभावना है। जयपुर के मौसम केंद्र के अनुसार, पूर्वी राजस्थान में बुधवार सुबह तक चौबीस घंटे में कहीं कहीं बूंदाबांदी से लेकर हल्की व मध्यम बारिश हुई जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। उसने बताया कि इस अवधि के दौरान धौलपुर में सबसे अधिक 33 मिलीमीटर बारिश हुई।

जयपुर के मौसम केंद्र के अनुसार, मध्यप्रदेश के ऊपर बना दबाव का क्षेत्र बुधवार को कमजोर होकर निम्न दबाव के क्षेत्र मे तब्दील हो गया। वर्तमान में यह उत्तरी मध्यप्रदेश के ऊपर है।

मौसम केंद्र ने बताया कि निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव के कारण राजस्थान के कुछ हिस्सों में बादल गरजने और 24 घंटे तक बारिश होने की संभावना है।

उसने बताया कि जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा के कुछ हिस्सों में बुधवार को बादल गरजने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, धौलपुर, भरतपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश होने का अनुमान है। जयपुर के मौसम केंद्र ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में 19 सितंबर से पुन: कमी होने तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

उसने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और शेखावाटी के कुछ हिस्सों में अगले 48 घंटे के दौरान बादल गरजने के साथ हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, शेष भागों में मुख्यत: शुष्क मौसम रहने का अनुमान है।

# छात्रा ने 12वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कोटा शहर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक युवती ने कथित तौर पर 12वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी हरिनारायण शर्मा ने बताया कि युवती की पहचान जिया खंडेलवाल (19) के रूप में हुई है। वह 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता पेशे से चिकित्सक हैं और वो अपना नर्सिंग होम चलाते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार टेलर ने बताया कि युवती के परिजनों से बातचीत के बाद ही आत्महत्या के कारणों के बारे में पता चल पायेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# यांत्रिक ज्ञान जरूरी लेकिन नैतिक और मानवीय मूल्यों से जुड़े रहें युवा : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को कहा कि यांत्रिक ज्ञान जरूरी है लेकिन युवा नैतिक और मानवीय मूल्यों से जुड़े रहें। वह यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के अठारहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू थीं।

बागडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' की जो संकल्पना संजोई है, उसका मूल आधार ही यही है कि भारत सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर आगे बढें और इसमें युवाओं की भूमिका ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अर्जित तकनीकी ज्ञान का राष्ट्र के विकास में उपयोग करने पर जोर दिया।

बागडे ने एमएनआईटी में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विभाग की स्थापना की सराहना की। उन्होंने कहा, यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, लेकिन इस ज्ञान के साथ यदि नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहेंगे तभी हम 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को सही मायने में सफल बना पाएंगे।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की बौद्धिक संपदा हैं और उन्हें देश के लोकतंत्र और बहुलता के आदर्शों को पूरी तरह से समझते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भारतीय संस्कृति और 'सर्वे भवन्तु सुखिन' के अंतर्गत सबके मंगल की कामना को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को राष्ट्र आराधना करते हुए देश और समाज की उन्नति के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ तालमेल रखने, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने और जो भी काम मिले, उसे लगन से करने पर जोर दिया।



# चिकित्सा मंत्री ने की हितधारकों के साथ चर्चा, अस्पतालों के नेटवर्क का होगा विस्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा अब और बढ़ाया जाएगा। इस योजना के तहत राजकीय अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों का नेटवर्क अब गांवों तक भी उपलब्ध हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जन-जन तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यतानुसार नियमों में बदलाव एवं सरलीकरण किया जाए। साथ ही, योजना से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम को और मजबूत किया जाए। चिकित्सा मंत्री ने यह निर्देश बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में योजना से जुड़े विभिन्न हित धारकों के साथ चर्चा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन एवं विस्तार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। गांव-ढाणी तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जरूरतमंद लोगों को इलाज खर्च की चिंता से मुक्त करने की दिशा में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एक महत्वाकांक्षी और मानवीय पहल है। सभी हितधारक संवेदनशील सोच के साथ इस योजना का लाभ आमजन को पहुंचाएं।

खींवसर ने कहा कि इस योजना में पोर्टेबिलिटी की सुविधा जल्द शुरू की जायेगी। इससे बाहर के राज्यों के नागरिक भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे और राजस्थान के रोगी दूसरे राज्यों में इलाज प्राप्त कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है। यह सुविधा शुरू होने से प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा मिलेगा। यहां के अस्पतालों में रोगी भार बढ़ने से उन्हें अस्पताल संचालन में लाभ होगा। साथ ही, चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश एवं रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गांव-गांव तक सुगमता पूर्वक उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में चिकित्सा विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य योजना को बेहतर बनाने के लिए नियमों का सरलीकरण किया जा रहा है।

श्रीमती राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही यह नीति लाई जाएगी। साथ ही, चिकित्सा के क्षेत्र में निजी सहभागिता बढ़ाने के लिए भी नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। हमारा अंतिम लक्ष्य यही है कि राजकीय एवं निजी सहभागिता से आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत वर्तमान में 1.33 करोड़ से अधिक परिवार पंजीकृत हैं और 1700 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं। रोगियों को करीब 1800 पैकेज के तहत विभिन्न बीमारियों का उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना में गंभीर रोगों का उपचार भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सम्बद्ध निजी अस्पतालों को क्लेम राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। योजना को और प्रभावी एवं सभी हितधारकों के अनुकूल बनाने के लिए नियमों में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है।



# नवाचारों को अपनाकर आमजन के प्रति संवेदनशील बनकर करें काम : सहकारिता मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिये सभी एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना के साथ काम करें, जिससे कि सहकारिता के माध्यम से समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय आवश्कताओं और परिस्थितियों को देखते हुये अधिक से अधिक नवाचारों को अपनाकर तथा आमजन के साथ संवेदनशील होकर काम करें।

दक ने बुधवार को सहकारिता विभाग में नवनियुक्त 29 सहायक रजिस्ट्रार एवं 40 सहकारिता निरीक्षकों के आमुखीकरण के लिये अपेक्स बैंक के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि सहकारिता में विकास की अकूत संभावनायें हैं और हमारा प्रयास होना चाहिये कि कोई भी व्यक्ति सहकारिता से वंचित नहीं रहे। उन्होंने नवनियुक्त सहायक रजिस्ट्रार एवं निरीक्षकों से कहा कि आप फील्ड में पारदर्शी एवं खुलेपने के साथ कार्य करें ताकि लोगों की सहकारिता में विश्वसनीयता बढ़े।

सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र ''एक सबके लिये, सब एक के लिये'' में विकास की कभी खत्म न होने वाली उर्जा विद्यमान है। इसलिये हमें सभी को मिलकर कार्य करना होगा। शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारिता की मूल भावना को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करें ताकि वंचित लोगों को योजनाओं को सही समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सहकारिता मूलतः कृषक, कृषि और कृषक कल्याण से संबधित है। इसलिये हमें अपनी मानसिकता को अधिक से अधिक संवेदनशील बनाना होगा।

नव नियुक्त अधिकारियों को संबोधित करते हुये शासन सचिव ने कहा कि आपके द्वारा सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये पूर्ण उर्जा के साथ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करते समय अधिक से अधिक लोगों के साथ जुडने का प्रयास करें ताकि उनकी समस्याओं और आवश्कताओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि आप अधिक से अधिक नियमों की जानकारी रखते हुये कार्य करें ताकि आमजन को परेशानी न हो। इस प्रकार काम करें कि आमजन की समस्याओं का अंतिम पड़ाव आपका कार्यालय ही हो।

आमुखीकरण समारोह में विशिष्ट सहायक, सहकारिता मंत्री एस. एस. नेगी, संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार जांगिड, प्रबंध संचालक, अपेक्स बैंक संजय पाठक, तकनीकी सहायक, रजिस्ट्रार कार्तिकेय मिश्र, विशिष्ट अधिकारी, सहकारिता मंत्री पंकज भानू सिंह, महाप्रबंधक, अपेक्स बैंक संदीप खण्डेलवाल सहित सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को मिले बेहतरीन शिक्षण व्यवस्थाएं : शेखावत

चूरू/दक्षिण भारत। जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने बुधवार को जिले के छापर कस्बे में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर तीन, मूंदड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर शेखावत ने विद्यालय में पोषाहार समेत विभिन्न व्यवस्थाएं देखीं तथा दूसरी एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों से बातचीत कर उनका शैक्षणित स्तर जांचा। उन्होंने बच्चों की अभ्यास पुस्तिकाएं भी देखीं और बच्चों से सवाल कर उनकी पढाई की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में नामांकन की जानकारी ली और संस्था प्रधान पवन कुमार मीणा से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार विद्यालय में समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रहनी चाहिए ताकि बच्चों को बेहतरीन वातावरण मिले।

उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर पढाई करें और अपने जीवन के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता से प्रयास करें।

शेखावत ने बच्चों को विभिन्न महापुरुषों का उदाहरण देकर समझाया कि निष्ठा और लगन के दम पर कोई भी व्यक्ति असीम ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों से कहा कि वे मन लगाकर पढाएं और यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर मिलें। पढाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर भी ध्यान दें ताकि बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र सिंह राठौड़ सहित विद्यालय से जुड़े लोग, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# आरजीएचएस योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है भाजपा सरकार : गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) को कमजोर करने का प्रयास कर रही है जिससे सरकारी कर्मचारियों में असंतोष है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा कि आरजीएचएस योजना ने सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त कर दिया था लेकिन राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद आरजीएचएस योजना को भी लगातार कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे सरकारी कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, हमारी सरकार ने निरोगी राजस्थान के लक्ष्य के साथ चिरंजीवी योजना, निशुल्क दवा एवं जांच योजना एवं आरजीएचएस शुरू की थी लेकिन अब जनता लगातार शिकायत कर रही है कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकारी कर्मचारियों के प्रीमियम से चलने वाली आरजीएचएस के अंतर्गत आने वाली दवा की दुकानों का भुगतान हर महीने नहीं किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चिरंजीवी योजना और आरजीएचएस के कारण ही प्रदेश के लगभग 90 प्रतिशत परिवारों का बीमा हो चुका था और वे इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त थे।

उन्होंने कहा, राज्य सरकार से मैं बार-बार कह रहा हूं कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी हुई योजनाओं को कमजोर करने का प्रयास न करें। यदि इन योजनाओं में कोई कमी है तो उसे दूर कर इन योजनाओं को मजबूत किया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस संबंध में संज्ञान लेकर आरजीएचएस एवं मेडिकल से जुड़ी सभी योजनाओं में आ रही परेशानियों को अविंलब दूर करने के लिए निर्देश देने चाहिए।

# जाति के आधार पर समाज को बांट रही है सपा और कांग्रेस : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गाजियाबाद/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये दोनों दल अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए समाज को जाति के आधार पर बांट रहे हैं और इनकी मंशा विभिन्न वर्गों के बीच टकराव को बढ़ावा देने की है।

मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर देश और उसके लोगों के हितों की कीमत पर अपने 'परिवारों' की ही फिक्र करने का आरोप लगाया। आदित्यनाथ ने दावा करते हुए कहा, ''चाहे कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, उन्हें न तो देश की चिंता है और न ही समाज की। उन्हें आपकी आस्था या युवाओं की चिंता नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। इन परिवारवादी दलों के पास देश और समाज के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं बची है। वे केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए समाज को बांटेंगे, लोगों को जाति के आधार पर लड़वाएंगे। वे वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा करेंगे और फिर दंगाइयों को लूटने देंगे, लोगों की सुरक्षा से समझौता करेंगे।''

मुख्यमंत्री ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, ''दो लड़कों की जोड़ी उत्तर प्रदेश में विकास की बात कर रही है। वे अपने पिछले 10 वर्षों का इतिहास भूल गए हैं, जब राज्य में गुंडा और माफिया राज था।'' उन्होंने कहा, ''अब राज्य एक नया उत्तर प्रदेश बन रहा है, जिसमें व्यापारी और महिला वर्ग सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार मिल रहा है। अब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन गया है, जहां हवाईअड्डा, मेट्रो, रैपिड रेल और सुरक्षा का बेहतर माहौल है, जिसके कारण माफिया या गुंडागर्दी करने वाले लोग जिले से बाहर चले गए हैं।'' आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर राज्य में अपने शासनकाल के दौरान माफिया और अपराधियों के आगे झुकने और हिन्दू धार्मिक नेताओं को माफिया कहने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा, ''समाजवादी पार्टी के लोग कुख्यात माफिया और अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे। अपनी संस्कृति के अनुरूप वे धार्मिक नेताओं को माफिया कहते हैं... औरंगजेब की आत्मा सचमुच उनके अंदर प्रवेश कर गई है।'' उन्होंने कहा, ''सपा के लोगों ने युवाओं का शोषण किया, किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया और व्यापारियों को पलायन करने के लिए मजबूर किया। कैराना में पलायन जैसी घटनाएं इन्हीं लोगों के कारण हुईं। हिंदू व्यापारियों को उनके कारण कैराना से बाहर जाना पड़ा।''



# ओडिशा के मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित बालासोर जिले का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को कहा कि बालासोर जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन को बचाव एवं राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

माझी ने बाढ़ प्रभावित बलियापाल, जालेश्वर और भोगराई प्रखंडों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का एक बचाव दल, ओडिशा आपदा त्वरित प्रतिक्रिया बल (ओडीआरएएफ) के तीन दल और अग्निशमन सेवा की आठ टीम प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यों के लिए तैनात की गई हैं।

माझी ने जिला प्रशासन से बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने को कहा, क्योंकि कई गांवों में लोग अभी भी फंसे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 35 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं और उनकी सहायता के प्रयास जारी हैं।

बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के क्षेत्र के कारण ओडिशा में भारी बारिश होने से सुवर्णरेखा, बुधबलंग और जलाका नदियां उफन गईं तथा बालासोर में बाढ़ आ गई। माझी ने कहा कि अब तक लगभग 2,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है और निकासी अभियान जारी है।

उन्होंने कहा, अभी तक किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति की कोई सूचना नहीं है। माझी ने कहा कि बाढ़ से कम से कम छह प्रखंड और लगभग 8,000 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इस बीच, जल संसाधन विभाग के सूत्रों ने बताया कि राजघाट में सुवर्णरिखा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 10.36 मीटर के मुकाबले 11.60 मीटर पर बना हुआ है।



## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा, देश कभी स्वीकार नहीं करेगा : कांग्रेस

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार व्यवहारिक नहीं है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसके जरिये विधानसभा चुनावों में असल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि देश इस विचार को कभी स्वीकार नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोविंद समिति की सिफारिश के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा है। यह संविधान के खिलाफ है, लोकतंत्र के प्रतिकूल है, संघवाद के विरुद्ध है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।''

## 'एक देश, एक चुनाव' पर बसपा का रुख सकारात्मक : मायावती



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर उनकी पार्टी का रुख 'सकारात्मक' है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोविंद समिति की सिफारिश के अनुसार 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

मायावती ने इस सिलसिले में अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, ''एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आज दी गयी मंजूरी पर हमारी पार्टी का रुख सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना जरूरी है।''

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई और इसे सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई।

# वर्ष 2022 में भाजपा ने 'लोकतंत्र की हत्या' करके उप्र में अपनी सरकार बनायी : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दावा किया कि जनता ने वर्ष 2022 में हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से 'आजादी' पाने का इरादा कर लिया था लेकिन भाजपा ने सत्ता के दुरुपयोग के जरिये 'लोकतंत्र की हत्या' कर अपनी सरकार बना ली।

अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''भाजपा का सबका साथ सबका विश्वास का नारा धोखा है। वर्ष 2022 में ही जनता ने भाजपा सरकार से आजादी पाने का इरादा कर लिया था, लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बना ली। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को समाजवादी पार्टी ने जो सबक सिखाया उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।''

उन्होंने कहा, ''वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सपा की सरकार बनाने जा रही है, जनता का भरोसा सपा पर है। समाजवादी कार्यकर्ता भाजपा की हर साजिश और षड़यंत्र का मुकाबला करने के लिए अपनी पूरी चाकचौबंद तैयारी में हैं। भाजपा की झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार की राजनीति से समाजवादी लोग मुकाबला करके भाजपा सरकार को पराजित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''इस समय संविधान को बचाने की लड़ाई में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा। पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार का विस्तार करना है।

## टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लागत में घोटाले का आरोप लगाया



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की लागत में घोटाले का बुधवार को आरोप लगाया। इससे पहले रेलवे ने उनके इस दावे को ''गलत सूचना'' बताकर खारिज कर दिया कि एक ट्रेन की लागत 50 प्रतिशत बढ़ गयी है। दो दिन पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में गोखले ने आरोप लगाया था कि एक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की लागत 290 करोड़ रुपए से बढ़कर 436 करोड़ रुपए हो गई है।

रेल मंत्रालय ने इस आरोप को गलत सूचना और फर्जी खबर बताकर खारिज कर दिया और कहा कि उसने स्लीपर ट्रेनों में डिब्बों की संख्या 16 से बढ़ाकर 24 कर दी है, जबकि अनुबंध में कुल डिब्बों की संख्या 16 रखी है। मंत्रालय ने कहा कि ट्रेन की बढ़ती मांग की वजह से यह निर्णय लिया गया है। गोखले ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कई पोस्ट करके रेलवे के रुख को हास्यास्पद बताते हुए इसका खंडन किया और दावा किया कि ठेके प्रति ट्रेन के आधार पर दिए गए थे, न कि प्रति डिब्बे के आधार पर।

# राहुल के खिलाफ सुनियोजित अभियान को शह दे रहे हैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए विवादित बयानों को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित अभियान है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह की शह मिल रही है और कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जैसे-जैसे मजबूती से जनता की आवाज उठा रहे हैं, वैसे-वैसे उनके खिलाफ जुबानी और वैचारिक हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने सवाल किया, क्या देश के करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों की आवाज उठाना इतना बड़ा अपराध है कि भाजपा, नेता प्रतिपक्ष को उनकी दादी जैसा हाल बना देने की धमकियां देने लगी?

प्रियंका ने कहा, लगातार एक के बाद एक हिंसक, अभद्र और अमानवीय बयानों से यह साबित होता है कि यह एक संगठित-सुनियोजित अभियान है जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उससे भी ज्यादा खतरनाक है प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत समूचे आरएसएस नेतृत्व का इसे शह देना और कोई कार्रवाई न करना। उन्होंने सवाल किया की आरएसएस-भाजपा के लोग क्या अब हिंसा और नफरत को ही लोकतंत्र का मूलमंत्र बनाना चाहते हैं? केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिखों के संबंध में की गयी टिप्पणी को लेकर रविवार को उनकी आलोचना की थी और उन्हें ''देश का सबसे बडा दुश्मन और आतंकवादी'' बताया था। भाजपा नेताओं रघुराज सिंह, मारवाह और शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने भी राहुल गांधी के बारे में विवादास्पद बयान दिए थे।

## भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 31,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे : सूत्र

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत-म्यांमा की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर 31,000 करोड़ रुपए की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह सीमा हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत और म्यांमा के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपए की लागत से बाड़ लगाने और सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है। मोरेह के पास लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

## बंगाल सरकार ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को बातचीत के लिए फिर से आमंत्रित किया

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सरकारी आर.जी. कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों से एक और दौर की बातचीत के लिए आमंत्रित किया। सरकार ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को उनकी मांग पर नए दौर की बातचीत के लिए शाम राज्य सचिवालय बुलाया। मुख्य सचिव मनोज पंत ने दोहराया कि सरकार प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से राज्य के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात के मद्देनजर काम पर लौटने की अपील को दोहराती है ।



# एएसआई ने ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर से रेत हटाने संबंधी कार्य का निरीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की एक टीम ने ओडिशा के कोणार्क में 13वीं सदी के सूर्य मंदिर से रेत हटाने के कार्य का निरीक्षण किया। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक जान्हवीज शर्मा के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम ने मंदिर के मंडप से रेत हटाने के कार्य में हुई प्रगति का निरीक्षण किया।

आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, 1903 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रशासन ने ढहने से बचाने के लिए इस ढांचे को रेत से भरकर सील कर दिया था। शर्मा ने कहा, ''कोणार्क मंदिर एक विश्व धरोहर स्थल है और हम समय-समय पर निरीक्षण करते हैं। आज नियमित निरीक्षण किया गया।'' उन्होंने बताया कि संरचनात्मक क्षति की जांच के लिए केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) द्वारा किए गए 'एंडोस्कोपी' अध्ययन से पता चला है कि रेत का भराव लगभग 12.5 फीट नीचे बैठ गया है और कुछ पत्थर उखड़ गए हैं।

इसके बाद एएसआई ने एक निर्माण कंपनी को काम पर लगाया, जिसने थोड़े समय के विराम के बाद अगस्त 2023 में काम फिर से शुरू किया और इसे तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा।

## सरकार के कुकी और मैतेई समूहों से बातचीत के कोई सबूत नहीं : मणिपुर कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंफाल/भाषा।** कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए कुकी और मैतेई समूहों के साथ सरकार की बातचीत के कोई सबूत नहीं हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा था कि सरकार स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए मैतेई और कुकी समूहों के साथ बातचीत कर रही है और घुसपैठ को रोकने के लिए म्यांमा से लगी देश की सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया गया है, जो समस्या का मूल कारण है।

मणिपुर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवब्रत सिंह ने गृह मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए संवाददाताओं से कहा, शाह ने दावा किया है कि सरकार राज्य में संकट के समाधान के लिए मैतेई और कुकी समूहों के साथ बातचीत कर रही है। लेकिन ऐसी बातचीत के कोई सबूत नहीं हैं। उनके बयान में पारदर्शिता का अभाव है। कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से एक कथित आधिकारिक दस्तावेज के बारे में भी स्पष्टीकरण मांगा, जिस पर कथित तौर पर मुख्यमंत्री के सचिव एन ज्योफ्रे ने हस्ताक्षर किए हैं।

# भारत के युवा भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 11 स्वर्ण पदक जीते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सुवा (फिजी)/भाषा।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिए। बाबुलाल हेम्ब्रोम ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में 114 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से कुल 180 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

बेदाबरत भाराली ने भी 73 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में कुल 200 किग्रा के वजन से स्नैच तथा क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। अन्य स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलकों में ज्योत्सना साबर, आंकाक्षा व्यवहारे, अस्मिता धोने, भार्गवी बी, ए महारंजन, वी किशोर, टी माधवन, बोलो यलाम शामिल हैं। चैम्पियनशिप 21 सितंबर को खत्म होगी।

## भारतीय टीम की एकजुटता से चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली : हरमनप्रीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आपसी एकजुटता और एक दूसरे का साथ देने की अदम्य इच्छा से भारत को रिकॉर्ड पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली।

भारत ने मंगलवार को हुलुनबिर में फाइनल में जुगराज सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से चीन को 1-0 से हराया। पाकिस्तान ने दक्षिण कोरिया पर 5-2 से जीत के साथ कांस्य पदक जीता। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, ''फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था। चीन की टीम ने पूरे मैच के दौरान हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश की जिससे गोल करने के लिए मौका बनाना आसान नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खिलाड़ियों का एक दूसरे पर भरोसा काफी बढ़ा है। हम एक दूसरे के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इस तरह की एकजुटता से हमें मैच जीतने में मदद मिलती है।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''पिछले साल चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से टीम के अंदर गहरा सौहार्द पैदा हुआ है।'' हरमनप्रीत ने इन प्रतियोगिताओं में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 गोल किए। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 26 गोल किए जिनमें सात गोल हरमनप्रीत ने दागे। उन्होंने अपने सभी गोल पेनल्टी कार्नर पर किये। हरमनप्रीत ने कहा कि आगे भी इस सफलता को बरकरार रखना महत्वपूर्ण होगा। हमें गर्व है कि हम खिताब बचाने में सफल रहे लेकिन काम यही पर समाप्त नहीं हुआ है। अभी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सुधार की जरूरत है। हमें एक टीम के रूप में मजबूत बनना होगा।'' उप कप्तान विवेक सागर ने कहा कि ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्येक टीम का लक्ष्य भारत को हराना था। उन्होंने कहा, ''ग्रुप चरण में किसी भी टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं था। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्येक टीम ने भारत को हराना अपना लक्ष्य बनाया था। लेकिन हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।''

# अगर आप खेलने की एक शैली अपनाओगे तो टीम प्रगति नहीं करेगी : गंभीर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते हैं कि भारतीय टीम एकतरफा रुख अपनाने या पिच की प्रकृति जैसे बाहरी कारकों में फंसने के बजाय अपनी रणनीतियों में लचीलापन बनाए रखे क्योंकि ऐसा नहीं करने से एक इकाई के रूप में उसके विकास में बाधा आ सकती है।

गंभीर ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सर्वश्रेष्ठ शैली वह है जो शैली आपको जीत दिलाए। हम ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो एक शैली अपनाने की जगह सामंजस्य बैठाए और तेजी से सीखे। अगर आप एक शैली को अपनाना शुरू करोगे तो प्रगति नहीं कर पाओगे।'' भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर चाहते हैं कि खिलाड़ी किसी भी परिस्थिति में प्रतिक्रिया देने के बजाय सक्रिय रहकर उसका सामना करने को तैयार रहें। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि खिलाड़ी स्थिति और परिस्थितियों के अनुसार खेलें और फिर प्रगति करते रहें। आप जानते हैं कि किसी खास शैली को नाम देना सिर्फ एक ही तरह से खेलने जैसा है।'' गंभीर ने कहा, ''इसलिए प्रयास करना परिणामों के बारे में है और जैसा कि मैंने अभी उल्लेख किया है, सर्वश्रेष्ठ शैली वह है जो काम करती है।'' गंभीर हमेशा से घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के पक्षधर रहे हैं और एक बार फिर उन्होंने अपने विचार दोहराते हुए कहा कि भारत को अपने घरेलू हालात का फायदा उठाने पर क्रिकेट खेलने वाले अन्य देशों से अलग नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जब आप ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका जैसी जगहों पर जाते हैं तो टेस्ट मैच ढाई दिन में खत्म हो जाता है तब इतनी चर्चा नहीं होती।'' भारतीय कोच ने तर्क दिया, ''लेकिन जब विपक्षी टीम भारत आती है और अगर टेस्ट मैच ढाई दिन में खत्म हो जाता है तो हम कहते रहते हैं कि स्पिनरों के लिए बहुत ज्यादा मदद है।''

गंभीर ने कहा कि टेस्ट मैच कितने दिन चलेगा इसकी गारंटी के साथ पिच तैयार करना असंभव है। उन्होंने कहा, ''अगर तेज गेंदबाजों के लिए बहुत ज्यादा मदद है तो कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता। इसलिए मुझे लगता है कि हमें इस मोर्चे पर निष्पक्ष और स्पष्ट होना चाहिए।''

बेंगलूरु | गुरुवार | 19-09-2024 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

**खुश रहा करो उनके लिए जो, अपनी खुशी से ज्यादा आपको खुश देखना चाहते है!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'पेजरकांड' से उठते कई सवाल

लेबनान में हजारों की तादाद में 'पेजर' में अचानक धमाके होने की घटनाएं दूरसंचार क्रांति के उस पहलू को सामने लाती हैं, जिसके बारे में कभी इतने बड़े स्तर पर चर्चा नहीं हुई थी। अगले ही दिन रेडियो सेट 'वॉकी-टॉकी' में भी धमाके हुए। अगर ऐसे धमाके एक-दो उपकरणों में ही होते तो इसे दुर्घटना कहा जा सकता था, लेकिन हजारों की तादाद में पेजर का फटना न तो कोई दुर्घटना है और न ही कोई संयोग है। इसके पीछे इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद का हाथ बताया जा रहा है, जिसने पहले भी कई घातक हमले कर अपने 'दुश्मनों' को चौंकाया है। पिछले साल 7 अक्टूबर को जब हमास और उसके साथी चरमपंथी संगठनों ने इज़राइल पर धावा बोला था तो मोसाद की खूब किरकिरी हुई थी। कहा गया था कि इस खुफिया एजेंसी ने फिल्मों और किस्से-कहानियों में ही अपनी खास तरह की छवि बना रखी है, असल में यह इतनी दमदार नहीं है। अब लेबनान में 'पेजरकांड' ने दिखा दिया कि मोसाद का नेटवर्क कितना मजबूत है और इसकी जड़ें कितनी गहरी हैं! पहले, हिज्बुल्लाह ने अपने सदस्यों को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से मना किया था। उसे आशंका थी कि मोबाइल नेटवर्क में मोसाद सेंध लगा सकती है। इसके बाद पेजर पर निर्भरता बढ़ी, जिसे तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित माना गया था। हालांकि पेजर बहुत घातक निकला! इस उपकरण के जरिए एक ही दिन में हजारों लोगों को निशाना बनाने की संभवत: पहली घटना हुई है। अभी पूरी जानकारी सामने नहीं आई, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि ये पेजर जब हिज्बुल्लाह के सदस्यों तक पहुंचे, उससे पहले ही मोसाद ने उनसे 'छेड़छाड़' कर दी थी। यूं तो लेबनान का खुफिया विभाग उपकरणों के मामले में काफी सावधानी बरतता है, लेकिन उसको भी शक नहीं हुआ कि ये पेजर एक दिन किसी बम की तरह फट जाएंगे।

इस घटना को इज़राइल, हिज्बुल्लाह, हमास, लेबनान, ईरान ... से थोड़ा अलग हटकर देखें तो इसके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी कई चिंताएं जुड़ी हुई हैं। अब जबकि हमले का यह तरीका सार्वजनिक हो चुका है तो भारतविरोधी ताकतें भी इसे आजमाने की कोशिशें कर सकती हैं। खासकर चीन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां तो ऐसे ही मौके की तलाश में रहती हैं। याद करें, जब से सोशल मीडिया का प्रसार हुआ है, कितने ही लोग हनीट्रैप के शिकार हो चुके हैं! उनमें सुरक्षा बलों के अधिकारी, वैज्ञानिक से लेकर आम नागरिक तक शामिल हैं। पेजरकांड के बाद कई सवाल उठते हैं। जैसे- जिन मोबाइल फोन व लैपटॉप में चीनी पुर्जों का इस्तेमाल होता है, वे कितने सुरक्षित हैं? इलेक्ट्रिक वाहन, घड़ी, बैटरी से चलने वाले ऐसे खिलौने जिनका निर्माण चीनी कंपनियों द्वारा किया गया या जिनमें चीनी पुर्जे लगे हैं, क्या वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती पैदा कर सकते हैं? केंद्र सरकार पूर्व में कई चीनी मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध लगा चुकी है। इसके बावजूद देश में चीनी फोन और चीनी ऐप्स का इस्तेमाल जारी है। क्या यह सही समय नहीं है, जब हमें तकनीकी दृष्टि से पूरी तरह आत्मनिर्भरता के लिए कदम उठाना चाहिए? हमारे पास 'अपना' सर्च इंजन भी होना चाहिए। इसी तरह ईमेल सेवाओं के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त होनी चाहिए। जो लोग सुरक्षा बलों में कार्यरत हैं, उन्हें तो इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि वे दूरसंचार के लिए विदेशी कंपनियों की सेवाएं लेने से परहेज करें। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी चीजों / सेवाओं / मंचों के विध्वंसक इस्तेमाल की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनके बारे में आमतौर पर ऐसा नहीं सोचा जाता। हाल में पाकिस्तान में कुछ आतंकवादियों ने एक पुलिस थाने पर हमला करने के लिए ऑनलाइन गेम के फीचर्स का इस्तेमाल किया था। वे उसके चैट रूम के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान कर रहे थे। ये 'नए दौर' के युद्धों के तौर-तरीके हैं, जिनको लेकर हमें सावधान रहना होगा।

## ट्वीटर टॉक



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए मतदान कर रहे समस्त मतदाताओं विशेषकर युवाओं से भारी संख्या में मतदान करने की अपील करता हूँ। आपका प्रत्येक वोट सुरक्षित, शांत और प्रगति के पथ पर उन्मुख जम्मू-कश्मीर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**-जेपी नडड़ा**



श्री खेतेश्वर ब्रह्मधाम महातीर्थ, आसोतरा के गादीपति श्री श्री 1008 श्री तुलसाराम जी महाराज के जन्मदिवस पर दाता के श्रीचरणों मे कोटि-कोटि नमन। संत शिरोमणी 'अनंत विभूषित' श्री तुलसाराम जी महाराज के आदर्श व सिद्धांत हमें ईश्वर की भक्ति तथा मानवसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

**-वसुंधरा राजे**



यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' के क्रम में प्रदेश कार्यालय में जयपुर शहर युवा मोर्चा द्वारा आयोजित 'रक्तदान शिविर' का शुभारंभ किया व प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

### रोशनी की जंग

एक जंगल जैव-विविधता से परिपूर्ण था। जंगल में शेर-बकरी एक घाट में पानी पीते थे। जंगल में उजाले का साम्राज्य था और अंधेरा हारता रहता था। जंगल में जुगनू जैसे कई प्राणी थे जो रोशनी से जानवरों की राह आसान करते थे। मगर जल्दी ही जंगल को बुरी नजर लग गई। एक दूसरे जंगल से एक भयावह विषधर अंधेरे का साम्राज्य चलाने जंगल में आ गया। वह छोटे-बड़े जानवरों को निगल जाता। वहीं रोशनी का दूत जुगनू जंगल में नन्ही रोशनी बिखेरकर विषधर के मंसूबे विफल कर रहा था। वह चमकता रहता और पशु-पक्षियों को विषधर के हमलों से बचाता। यह देखकर विषधर आगबबूला हो गया। वह जुगनू को मारने के लिये भागा, लेकिन जुगनू भागकर पेड़ पर चढ़ जाता है। विषधर मन मसोस कर रह जाता। तभी कांटेदार सेही ने अपने नुकीले तीरों से विषधर पर हमला कर दिया। सेही ने शांतिपूर्वक विषधर से कहा, 'अंधेरा तुम्हारी समस्या है, जुगनू की नहीं। जुगून अपनी रोशनी से जंगल को रोशन करता रहेगा, चाहे तुम इसे पसंद करो या नहीं।' सेही ने कहा, 'विषधर ईर्ष्या और नफरत ही तुम्हारी असली कमजोरी है, न कि जुगनू की रोशनी। यह सुनकर अंधेरे का सारथी विषधर चुपचाप वहां से चला गया।

## सामयिक

# नफरत फैलाने की साजिश है गणेश पूजा पर पत्थरबाजी

**मनोज कुमार अग्रवाल**
मोबाइल : 9219179431



भारत में इन दिनों गणेशोत्सव को लेकर देश के कई हिस्सों में गणेश पूजा पंडालों व विसर्जन जुलूसों पर एक समुदाय विशेष के शरारती तत्वों द्वारा पत्थरबाजी की घटनाएँ सामने आ रही हैं। जिस तरह नियोजित ढंग से मध्य प्रदेश, गुजरात यूपी बिहार राजस्थान से लेकर कर्नाटक तक इस आयोजन में पत्थरबाजी की वारदातों को अंजाम दिया गया है उसे देखते हुए लगता है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर यह नया शरारती प्रयोग शुरू किया गया है. जो देश में भविष्य में आने वाले श्रीरामलीला श्रीरामबारात दुर्गा पूजा आदि उत्सवों व शोभा यात्राओं के लिए भी खतरे की घंटी दे रहा है। आपको बता दें कि राजस्थान में भीलवाड़ा मध्यप्रदेश में रतलाम उत्तर प्रदेश में महोबा फर्रूखाबाद लखनऊ कर्नाटक के मांडया गुजरात के कच्छ सूरत भड़च बिहार के औरंगाबाद समेत दर्जनों जिलों के शहर कस्बों में गणेश उत्सवों के दौरान धर्म विशेष के उपद्रवियों द्वारा पत्थरबाजी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

देश के कई प्रदेशों के अलग अलग शहर कस्बों में हुई इन पत्थरबाजी की घटनाओं में कई जगह पत्थरबाजी के लिए मुस्लिम नाबालिग छोटे किशोर वय लड़कों को इस्तेमाल किया गया और गणेश पंडालों, गणेश मूर्तियों और हिंदू भक्तों पर पत्थर फेंके गए। गणेश उत्सवों के बीच देश के विभिन्न हिस्सों से पत्थरबाजी और हंगामे की खबरें काफी चिंता जनक और चौकाने वाली हैं । आइए अब आप को सिलसिलेवार संक्षेप में जानकारी देते हैं हाल में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट में एक घर में स्थापित की गयी गणेश जी की मूर्ति पर पत्थर फेंके गये हैं। पत्थरबाजी कुछ नाबालिग मुस्लिम लड़कों ने की इस शरारत में गणेश प्रतिमा के पास रखा कलश खंडित हो गया व अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। वारदात को लेकर श्रद्धालुओं ने हंगामा किया दो नाबालिगो को पुलिस ने हिरासत में लिया।

गुजरात के सूरत में दो मुस्लिम महिलाओं रुबाइना पठान और लाइमा शेख को उनके नाबालिग लड़कों को गणेश मूर्तियों पर हमला करने के लिए उकसाने के इल्ज़ाम में गिरफ्तार किया गया है यहां सूरत में एक गणेश पंडाल पर पथराव किया गया। घटना सैयपुरा इलाके की है, जहां पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी। देर रात झुंड में आए कुछ लोगों ने पंडाल पर पथराव किया इनमें नाबालिग शामिल थे और गणेश मूर्ति पर पत्थर फेंके गए। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। सैकड़ों लोगों ने थाने का घेराव किया। देर रात तक बवाल चलता रहा। पुलिस ने लोगों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज किया। रातभर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद पुलिस ने पथराव करने वाले समुदाय विशेष के 27 लोगों को हिरासत में लिया ।गुजरात में एक तरफ गणेश महोत्सव चल रहा है और वहीं दूसरी ओर हिन्दुओं के इस त्यौहार के दौरान राज्य की शांति को भंग करने का प्रयास किया गया। यहां तीन दिन में चार बार हिन्दुओ की आस्था के साथ खिलवाड़ कर अराजकता करने का प्रयास किया गया। सबसे पहले सूरत में शरारत के बाद बड़ौदा और भरूच और कच्छ में भी ऐसी ही घटना सामने आई है। कच्छ में सूरत पैटर्न से चार नाबालिग बच्चों ने गणेश मूर्ति खंडित की। यह घटना कच्छ के नखत्रणा तालुका के कोटड़ा जड़ोदर गांव में 10 सितंबर की देर रात सूरत पैटर्न से ही शांति भंग का प्रयास किया गया। गांव में गणेश पंडाल में चार मुस्लिम बच्चों ने गणेशजी की मूर्ति पर पथराव कर उसे नुकसान पहुंचाया, जिसके चलते गणपति प्रतिमा खंडित हो गई। इसके अलावा एक हिन्दू मंदिर पर हरे रंग का झण्डा भी फहराया गया। दोनों घटना के चलते स्थानीय गांववालों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने जाँच के बाद सात लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। मंदिर पर हरा झण्डा फहराने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को दबोच लिया है। अभी गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है और गांव में शांति बनी हुई है। कच्छ के स्थानीय कोर्ट ने पथराव के लिये जिम्मेदार चार बच्चों को राजकोट जुवेनाइल होम में भेजने का आदेश दिया है।

मध्य प्रदेश के रतलाम में भगवान गणेश की शोभायात्रा पर पथराव हुआ है। कर्नाटक के मंडया जिले में गणेश विसर्जन के लिए निकाली गई यात्रा के दौरान बवाल हो गया। राजस्थान में भीलवाड़ा में भी धार्मिक जुलूस को लेकर तनाव फैल गया। जहाजपुर में गणेश शोभायात्रा पर पथराव के बाद लोगों में आक्रोश ह।. इस दौरान गणेश जुलूस निकाल रहे श्रद्धालुओं पर हुई पत्थरबाजी में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस तरह देश के कई शहरों में गणेश उत्सवों में पथराव व हंगामा कर रंग में भंग करने की कोशिश क्या किसी सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दी जा रही है? यह जांच का विषय है खासकर काश्मीर के पत्थरबाजों की तर्ज पर नाबालिग लड़कों से गणेश पंडाल और प्रतिमाओं पर पत्थरबाजी कराने के पीछे कौन सी मानसिकता काम कर रही है? कौन लोग हैं जो नाबालिग किशोरों के भीतर हिन्दुओं के खिलाफ नफरत का बीजारोपण कर अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं? क्या यह सारे वाकयात रूटिन में घटित हुई है? इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ वारदातों के पीछे शोभायात्रा में शामिल कुछ अतिउत्साही श्रद्धालुओं की हरकतें नारेबाजी दूसरे समुदाय को भड़काने के लिए जिम्मेदार रहीं हो लेकिन नाबालिग बच्चों से पंडाल और प्रतिमाओं पर कई शहर कस्बों में पत्थर फिकवाना धर्म स्थलों की छतों पर ईंट स्टोर कर तैयारी करना दाल में काला होने का पुख्ता हवाला देता है। कौन लोग हैं जो देश के भीतर सांप्रदायिक बदअमनी फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं? सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल कर भविष्य के लिए आत्मघाती बुनियाद रचने के पीछे कौन लोग या संगठन काम कर रहा है? क्या यह लोग भारत के हिन्दू समाज के साथ बंग्लादेश के कट्टरपंथी तत्वों जैसी हरकत नहीं कर रहे हैं इनके मंसूबों को खाद पानी कौन दे रहा है?

आप को बता दें कि साल 1893 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने हिंदुओं को एकजुट करने के लिए गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप से मनाने की परंपरा शुरू की। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को एकत्रित करना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना था। लेकिन साल1895 में महाराष्ट्र के धूलिया में गणेश विसर्जन के समय समुदाय विशेष की भीड़ ने हिंदुओं पर हमला किया। यह हमला तब हुआ जब गणेश प्रतिमा के विसर्जन यात्रा शाही जामा मस्जिद के पास से गुजर रही थी। जैसे ही जुलूस मस्जिद के पास पहुँचा, मुस्लिम समुदाय ने विरोध जताया और हिंसा शुरू कर दी। ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के दौरान भीड़ पर गोली चलाई, जिसमें कई लोग मारे गए। इस घटना ने तिलक के अभियान को और भी मजबूत किया। तिलक ने गणेश उत्सव को न केवल धार्मिक उत्सव, बल्कि हिंदू समाज को संगठित करने और उन्हें आत्मरक्षा के लिए प्रेरित करने का साधन बनाया। उन्होंने इस घटना के बाद हिंदुओं को और भी बड़े पैमाने पर संगठित करना शुरू किया ताकि सांप्रदायिक हिंसा का सामना किया जा सके। आज करीब 130 साल बीत जाने के बाद भी देश में गणेश उत्सवों पर इस तरह के पथराव और हमले बता रहे हैं कि हमारे समाज में विघटन पैदा करने वाले सांप्रदायिक तत्वों की मौजूदगी आज भी कायम है जिस सांप्रदायिक सद्भाव के लिए गणेशशंकर विधार्थी जैसे सैकड़ों महापुरुषों ने अपना बलिदान तक दिया लेकिन कुछ लोगों की मानसिकता को नहीं बदल सके जरूरत इस बात की है कि ऐसे बदअमनी फैलाने वाले समाजकंटको के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो।

## चिंतन

# अखिलेश से किनारा करती कांग्रेस और राहुल गांधी

**अजय कुमार**
मोबाइल : 9335566111

कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर नजरिया बदलता जा रहा है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वह अहमियत नहीं दे रही है जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के समय दी थी। वर्ष 2017 के यूपी विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं उससे यही लगता है कि जल्द ही कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का दौर खत्म हो सकता है। इतना ही नहीं पिछले कुछ समय से जिस तरह से अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती के बीच दूरियां बढ़ी हैं उससे भी अखिलेश यादव अपने आप को अकेला महसूस कर रहे हैं। यूपी की दस विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में यदि समाजवादी पार्टी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई तो उसके लिए आगे के लिये अपनी साख बचाना मुश्किल हो जायेगा। वैसे भी मायावती ने उप चुनाव में बसपा के भी प्रत्याशी उतारने की बात कहकर अखिलेश की धड़कने बढ़ा ही रखी हैं।

बात कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती खाई की कि जाये तो पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी एक परिपक्त नेता की तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपना गोल निर्धारित कर लिया है उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। जातीय जनगणना और मुस्लिमों को लुभाने में राहुल गांधी हिन्दुओं पर आक्रमक होने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।जिसका उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होता भी दिख रहा है। उधर, पहले मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं देकर यह संदेश दे दिया है कि उसके लिये समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर मायने नहीं रखती है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में सपा ने कांग्रेस के सहारे चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश कई बार की है। पहले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। उस चुनाव में कांग्रेस के सपा से गठबंधन न करने पर सपा ने अपने दम पर 22 प्रत्याशी उतारे थे। सपा का खाता तो नहीं खुला, लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटों पर नुकसान जरूर हुआ। इसी तरह से हरियाणा की मुस्लिम और यादव बहुल 12 विधानसभा सीटों पर सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करने का प्रयास किया था। बात पांच और फिर तीन सीट पर आकर टिक गई थी। कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की तो एक भी सीट सपा के लिए नहीं छोड़ा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बात सीट की नहीं, जीत की है' कहकर गठबंधन धर्म निभाने के लिए त्याग करने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा के सपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी भी कहते हैं कि तीन सीटों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश भेजा था। संगठन ने पूरी तैयारी की, लेकिन कांग्रेस इससे पीछे हट गई। वहीं, दूसरी ओर जम्मू- कश्मीर की 20 सीटों पर सपा ने कांग्रेस गठबंधन नहीं होने पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। जम्मू -कश्मीर में कांग्रेस और सपा आमने-आमने है। अखिलेश के जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए भी जाने की तैयारी है। यहां भी अखिलेश को यूपी की तरह मुस्लिम वोट सपा को मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद है

## नजरिया

# चुनावों में डिजिटल अभियान, झूठे-सच्चे वादों का ऐलान

**प्रियंका सौरभ**
मोबाइल : 7015375570

गूगल विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान, राजनीतिक दलों एवं उनके सहयोगियों ने 1 जनवरी से 10 अप्रैल के बीच अकेले गूगल विज्ञापनों पर लगभग 117 करोड़ खर्च किए। डिजिटल अभियान खर्च में यह वृद्धि चुनावों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जबकि राजनीतिक दलों के बीच कंटेंट विनियमन तथा निष्पक्षता के बारे में चिंता बढ़ाती है। आधुनिक चुनावों में डिजिटल अभियान एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है, मतदाताओं तक इसकी व्यापक पहुँच है, डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों सहित लाखों मतदाताओं तक पहुँचने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी जनसांख्यिकीय अभियान से वंचित न रह जाए। वर्ष 2019 के चुनावों के दौरान व्हाट्सएप के व्यापक उपयोग ने राजनीतिक दलों को पूरे भारत में ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ने में मदद की, जिससे चुनाव परिणाम काफी प्रभावित हुए हैं। डिजिटल अभियान पारंपरिक मीडिया की तुलना में कहीं अधिक किफायती हैं, जिससे सीमित बजट वाले छोटे लोगों को भी प्रतिस्पर्धा करने एवं मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुँचने की अनुमति मिलती है।

वर्ष 2015 के दिल्ली चुनावों में आप की डिजिटल-संचालित रणनीति जैसे उभरते क्षेत्रीय राजनीतिक दल बड़ी पार्टियों की तुलना में न्यूनतम खर्च के बावजूद सफल साबित हुए हैं। डेटा एनालिटिक्स पार्टियों को विशिष्ट मतदाता वर्गों के लिए अनुरूपित संदेश बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके मूल्यों एवं चिंताओं से मेल खाने वाले संदेशों के साथ सही दर्शकों तक पहुँचने की संभावना में सुधार होता है। ब्रेक्सिट सहित वैश्विक चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका की सूक्ष्म-लक्ष्यीकरण रणनीतियों ने दिखाया है कि कैसे लक्षित डिजिटल संदेश मतदाता व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। सोशल मीडिया मतदाताओं के साथ वास्तविक समय पर बातचीत करने में सक्षम बनाता है, जिससे राजनीतिक नेताओं को चिंताओं को तेजी से संबोधित करने, जनता की राय को आकार देने एवं तत्काल प्रतिक्रिया के आधार पर अभियान रणनीतियों को समायोजित करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री की सक्रिय ट्विटर उपस्थिति ने उन्हें अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मतदाताओं के साथ सीधा एवं निरंतर संवाद बनाए रखने की अनुमति दी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, विशेष रूप से सोशल मीडिया, युवा मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जो राजनीतिक कंटेंट का ऑनलाइन उपभोग करने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे महत्वपूर्ण मतदाता आधार के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। वर्ष 2024 के चुनावों में राजनीतिक दलों की इंस्टाग्राम रणनीति विशेष रूप से युवा मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई थी। डिजिटल अभियान, जब जिम्मेदारी से उपयोग किए जाते हैं, तो मतदाताओं को सीधे नीतियों के बारे में सूचित करके, उन्हें सूचित विकल्प चुनने में मदद करके एवं समग्र चुनावी भागीदारी को बढ़ाकर अधिक पारदर्शिता प्रदान कर सकते हैं। वर्ष 2020 के अमेरिकी चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के डिजिटल टाउन हॉल ने महामारी प्रतिबंधों के बावजूद मतदाताओं को उनके साथ सीधे बातचीत करने की अनुमति दी।

आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर बड़े बजट वाले दलों के विज्ञापनों को अधिक दृश्यता देकर उनका पक्ष लेते हैं, अभियान को अमीर राजनीतिक संस्थाओं के पक्ष में झुकाते हैं, जिससे चुनावी निष्पक्षता कम हो जाती है। गूगल के विज्ञापन वैश्विक चुनावों के दौरान उच्च-बजट वाली पार्टियों के पक्ष में पाए गए, जिससे उन्हें मतदाता पहुँच में लाभ मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक विचारों का ध्रुवीकरण हो सकता है एवं अधिक खंडित तथा शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे रचनात्मक बहस कम हो सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है एवं अधिक खंडित, शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल बन सकता है, जो रचनात्मक बहस को कम कर देता है। 2019 में फेसबुक विज्ञापनों पर राष्ट्रीय पार्टियों का भारी खर्च छोटे क्षेत्रीय दलों के बजट से कहीं अधिक हो गया। डार्क विज्ञापनों एवं अत्यधिक लक्षित राजनीतिक संदेशों के उपयोग से नियामकों तथा जनता के लिए यह ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है कि विशिष्ट मतदाता समूहों को कौन सी जानकारी प्रसारित की जा रही है, जिससे पारदर्शिता कम हो जाती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर पर्याप्त तथ्य-जाँच उपायों को लागू करने में विफल रहते हैं, जिससे झूठे दावे जारी रहते हैं एवं संभावित रूप से गलत या जानबूझकर हेरफेर की गई जानकारी के साथ मतदाताओं को गुमराह किया जाता है। भारत के वर्ष 2019 चुनावों के दौरान फर्जी खबरों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करने के लिए व्हाटसएप की आलोचना की गई, जिसने मतदाताओं की धारणा को प्रभावित किया। उल्लंघनों के माध्यम से मतदाता डेटा का शोषण राजनीतिक अभियानों को व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर लक्षित संदेश भेजकर मतदाताओं को हेरफेर करने की अनुमति दे सकता है, जिससे मतदाता स्वायत्तता से समझौता हो सकता है। कैम्ब्रिज एनालिटिका घोटाले ने उजागर किया कि भारत सहित विश्व भर में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए मतदाता डेटा का अनैतिक रूप से उपयोग किया गया था।सरकारों एवं चुनाव निकायों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों को गलत सूचना के लिए जिम्मेदार ठहराने तथा झूठे कंटेंट के प्रसार के लिए दंड लागू करने के लिए सख्त नियम लागू करने चाहिए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अनियमित खर्च के माध्यम से प्राप्त अनुचित लाभ को रोकने के लिए राजनीतिक दलों को अपने डिजिटल विज्ञापन व्यय का पूरी तरह से खुलासा करने की आवश्यकता होनी चाहिए।

डिजिटल विज्ञापन खर्च पर विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य करने से चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित हो सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म को झूठी सूचनाओं की निगरानी एवं हटाने के लिए स्वतंत्र तथ्य-जाँचकर्ताओं के साथ सहयोग करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि केवल सटीक राजनीतिक संदेश ही मतदाताओं तक पहुँचें। लोकतांत्रिक निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए गूगल जैसे प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे दलों के विज्ञापनों को बड़े दलों के समान दृश्यता मिले। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चलने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों वाला एक केंद्रीकृत डेटाबेस जनता के लिए सुलभ होना चाहिए, जिससे संदेश भेजने में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके एवं गुप्त अभियानों को रोका जा सके।

गूगल का विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र एक अच्छी शुरुआत है, लेकिन इसे सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर अधिक व्यापक डेटा की आवश्यकता है। सरकारों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्मों को हानिकारक राजनीतिक कंटेंट के प्रसार को रोकने तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए सहयोगी ढाँचे के साथ निगरानी को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। डिजिटल अभियान, परिवर्तनकारी होते हुए भी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निरीक्षण की आवश्यकता है। जैसा कि अब्राहम लिंकन ने जोर दिया था, लोकतंत्र लोगों का, लोगों द्वारा, लोगों के लिए होना चाहिए। डिजिटल अभियानों में समान पहुँच एवं कंटेंट विनियमन सुनिश्चित करने से लोकतांत्रिक मूल्य मजबूत होंगे तथा डिजिटल युग में चुनावी प्रक्रियाओं की अखंडता बरकरार रहेगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एनिमेशन क्षेत्र के लिए बनेगा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर देश में एनिमेशन एवं संबंधित क्षेत्र को मजबूती देने के लिए बुधवार को एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स एवं एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) को समर्पित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह भारत को अत्याधुनिक मीडिया एवं मनोरंजन सामग्री मुहैया कराने वाले वैश्विक केंद्र के तौर पर स्थापित करने में मदद करेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुंबई में इस केंद्र की स्थापना कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत धारा आठ कंपनी के तौर पर की जाएगी। उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) इस सृजनात्मक संस्थान की स्थापना में सरकार के साथ भागीदार होंगे।

वैष्णव ने कहा, ''एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र आज मीडिया एवं मनोरंजन जगत के पूरे परिदृश्य में एक अपरिहार्य भूमिका निभाता है। इसमें फिल्म निर्माण, ओटीटी मंच, गेमिंग, विज्ञापन और स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे सामाजिक क्षेत्र भी शामिल हैं। इस तरह यह क्षेत्र देश की वृद्धि गाथा की समग्र संरचना को समाहित किए हुए है।'' उन्होंने कहा, ''तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी और पूरे देश में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच एवं सस्ती डेटा दरों के साथ एवीजीसी-एक्सआर का इस्तेमाल वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ने वाला है। इस तेजी को कायम



रखने और देश में एवीजीसी-एक्सआर पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए शीर्ष संस्थान के तौर पर इस राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जा रही है।''

यह केंद्र शौकिया एवं पेशेवर, दोनों लोगों को अत्याधुनिक तकनीकों में नवीनतम कौशल से लैस करने के लिए विशेष प्रशिक्षण-सह-शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा। यह एवीजीसी-एक्सआर से संबंधित शोध एवं विकास को भी बढ़ावा देगा।

इसके अलावा उत्कृष्टता केंद्र कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का काम भी करेगा।

वैष्णव ने कहा, ''राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र घरेलू खपत एवं वैश्विक पहुंच दोनों के लिए भारत के बौद्धिक संपदा (आईपी) के सृजन पर व्यापक रूप से ध्यान देगा। इससे भारत की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित सामग्री का निर्माण होगा।''

इसके अलावा यह केंद्र एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में स्टार्टअप और शुरुआती चरण वाली कंपनियों के लिए संसाधन मुहैया कराते हुए एक इनक्यूबेशन केंद्र के रूप में भी काम करेगा। उन्होंने कहा, ''एवीजीसी-एक्सआर उद्योग के विकास के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में स्थापित होने वाला राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पूरे देश के युवाओं के लिए रोजगार के सबसे बड़े स्रोतों में से एक के रूप में काम करेगा। इससे रचनात्मक कला और डिजाइन क्षेत्र को काफी प्रोत्साहन मिलेगा और भारत एवीजीसी-एक्सआर गतिविधियों का केंद्र बन सकेगा।''

# इजराइल के राजदूत ने भारत में अल्पसंख्कों की स्थिति पर ईरान की टिप्पणियों की कड़ी निंदा की

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की टिप्पणियों की बुधवार को कड़ी निंदा की और इन्हें ''हास्यास्पद एवं पाखंडपूर्ण'' बताया।

अजार ने कहा कि जहां खामेनेई अन्य देशों को उपदेश देते हैं, वहीं खुद ईरान पर ही नागरिक स्वतंत्रता को कुचलने और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप है।

इजराइली राजदूत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह वास्तव में हास्यास्पद है कि यह कट्टरपंथी नेता दूसरों को उपदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वह अपने ही लोगों को मार रहे हैं और उनकी स्वतंत्रता को कुचल रहे हैं, चाहे वह धार्मिक स्वतंत्रता हो या अभिव्यक्ति की आजादी हो। वह मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अपमानजनक है और हम आशा करते हैं कि ईरानी लोग एक दिन खामेनेई द्वारा किए जा रहे ऐसे उत्पीड़न और अत्याचार से मुक्त हो जाएंगे।'' खामेनेई ने सोमवार को तेहरान में मौलवियों की एक सभा को संबोधित करते हुए गाजा, म्यांमा और भारत में मुसलमानों की ''पीड़ा'' के बारे में बात की थी। खामेनेई ने 'एक्स' पर कहा था, ''...हम खुद को मुसलमान नहीं मान सकते अगर हम म्यांमा, गाजा, भारत या किसी अन्य स्थान पर किसी मुसलमान द्वारा झेली जा रही पीड़ा से अनजान हैं।''

भारत ने ईरान के सर्वोच्च नेता द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर की गई टिप्पणियों की सोमवार को कड़ी निंदा की थी और इन टिप्पणियों को ''गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य'' बताया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना ''रिकॉर्ड'' देखना चाहिए।

अजार ने लेबनान में पेजर से हुए धमाकों की घटनाओं पर भी संक्षेप में बात की और कहा कि इजराइल सरकार हाल में हिजबुल्लाह के हमलों से विस्थापित हुए नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''हम अमेरिका और अन्य साझेदारों की मदद से एक कूटनीतिक समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।''

# क्रिकेट और अध्यात्म : गंभीर ने 'हनुमान चालीसा' पढी और कोहली ने 'ओम नम: शिवाय' जपा

नई दिल्ली/भाषा। मैदान पर आक्रामकता के लिए मशहूर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों दिल्ली से हैं और इनके बीच कई समानताओं में से एक यह भी है कि ईश्वर पर दोनों की अटूट आस्था है ।

बीसीसीआई टीवी के लिए एक दूसरे से बातचीत में कोहली और गंभीर ने एक दूसरे से कई समानताओं पर बात की ।

गंभीर ने बताया कि जब वह पंद्रह साल पहले नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट बचाने की कोशिश में थे तब उन्होंने कैसे 'हनुमान चालीसा' पढी और दो दिन तक चली एक यादगार पारी खेल डाली । इसी तरह 2014 में कोहली ने आस्ट्रेलिया में चार टेस्ट शतक लगाये थे और बल्लेबाजी के दौरान वह ' ओम नम: शिवाय' जाप कर रहे थे । बीसीसीआई टीवी पॉडकास्ट पर कोहली ने गंभीर से पूछा ,'' भारत आस्ट्रेलिया श्रृंखला पर बात करते हैं । सबसे खास हमारी धरती पर बनाया गया दोहरा शतक होगा । मैं जानना चाहता हूं कि उस समय दिमाग में क्या चल रहा था । इतने स्थिर और संयमित होकर कैसे खेला ।''

गंभीर ने इस पर कहा ,'' मेरे बारे में बात करने की बजाय मुझे याद है कि आस्ट्रेलिया में जब तुमने बंपर श्रृंखला खेली थी । जहां तुमने बेशुमार रन बनाये और तुमने मुझे बताया कि तुम हर गेंद से पहले ओम नम: शिवाय बोल रहे थे ।इससे तुम्हे मदद मिली ।'' गंभीर ने 10 घंटे 43 मिनट तक चली पारी में 136 रन बनाकर भारत को पारी की हार से बचाया था । गंभीर ने कहा ,'' नेपियर में ढाई दिन तक चली पारी के दौरान मैने एक ही काम किया कि हनुमान चालीसा पढता रहा । तुमने ओम नम: शिवाय जपा तो मैने हनुमान चालीसा पढी । इससे काफी मदद मिली । अपने कैरियर में ऐसे मौके कम आते हैं और वह अलौकिक अहसास है ।''

# अमेरिका की यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे प्रधानमंत्री मोदी : ट्रंप

वाशिंगटन/न्यूयॉर्क/भाषा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अपनी तीन दिवसीय



अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप ने आयात शुल्क का ''दुरुपयोग'' करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक ''शानदार व्यक्ति'' बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। हाल में हत्या के प्रयास के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि मोदी अगले सप्ताह अमेरिका में उनसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने दोहराया कि भारत आयात पर भारी शुल्क लगाता है। उन्होंने कहा, ''भारत बहुत ज्यादा दुरुपयोग करता है। वह (मोदी) अगले सप्ताह मुझसे मिलने वाले हैं और मोदी शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह शानदार व्यक्ति हैं। कई नेता शानदार हैं।'' पूर्व राष्ट्रपति ने मिशिगन के फ्लिंट में एक सभा में एक सवाल का जवाब देते हुए व्यापार और कर के बारे में बात करते हुए यह टिप्पणी की।



# 4 अक्टूबर को जापान में रिलीज होगी फिल्म 'लापता लेडीज'

**मुंबई/एजेन्सी**

जियो स्टूडियोज की फिल्म लापता लेडीज जापान में 04 अक्टूबर को रिलीज होगी। मार्च 2024 में रिलीज हुई फिल्म लापता लेडिज सिनेमाघरों में आकर्षित करने तथा ओटीटी पर दर्शकों से प्यार और प्रशंसा बटोरने में सफल हुई थी। अब यह फिल्म जापान में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है, जिसकी रिलीज 04 अक्टूबर, 2024 को निर्धारित है।यह फिल्म, एक ही ट्रेन में अलग हो जाने वाली दो युवा दुल्हनों के बारे में हल्की फुल्की एक मनोरंजक कॉमेडी है। नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन अभिनीत, लापता लेडीज जापानी दर्शकों को हसाने और मनोरंजक कहानी से मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। निर्देशक किरण राव जापान से प्रतिक्रियाओं का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अपनी खुशी को साझा करते हुए, उन्होंने कहा,मैं रोमांचित हूँ कि लापता लेडीज़ जापान में रिलीज़ हो रही है। मैं जापानी सिनेमा की प्रशंसक रही हूं, मुझे हमेशा जापानी संस्कृति में गहरी दिलचस्पी रही है, और मुझे उम्मीद है कि फिल्म का भावनात्मक सार जापानी दर्शकों के साथ वैसा ही जुड़ेगा जैसा कि हमारे साथ था।यह रिलीज़ फिल्म के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह दर्शाता है की कैसे यह सिनेमा कहानियों और भावनाओं के माध्यम से संस्कृतियों को कैसे जोड़ सकता है। मेरे दिल के इतने करीब रही इस फिल्म को नए दर्शकों तक पहुँचते देखना सपने से कम नहीं। मैं फिल्म की वैश्विक पहुँच बढ़ाने के लिए जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की आभारी हूँ। इसे जापान ले जाना एक रोमांचक अगला अध्याय है, और इसे संभव बनाने में उनका उत्साह और समर्थन महत्वपूर्ण रहा है।

जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, लापता लेडीज़ किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान, किरण राव और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।



# हिंदी भाषा में सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्म बनीं 'स्त्री 2'

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के हिंदी भाषा में लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर सिनेमाई इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' ने हिंदी भाषा में 582.31 करोड़ की कमाई की थी। वहीं स्त्री 2 ने जवान के रिकार्ड को तोड़ दिया है और 586 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म स्त्री 2 की प्रोक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा कर इस खबर की पुष्टि की है।पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, ''भारतीय बॉक्स ऑफिस की नंबर 1 हिंदी फिल्म,वो स्त्री है आखिर उसने कर दिखाया, हिन्दुस्तान की सबसे बेहतरीन और नंबर 1 हिंदी फिल्म। ये इतिहास को हमारे साथ रचने के लिए सभी फैंस का धन्यवाद, स्त्री 2 अभी भी सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। थिएटर आइये कुछ और नये रिकार्ड्स बनाते हैं।''

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इस खबर की पुष्टि की।उन्होंने लिखा, स्त्री2 ने इतिहास रच दिया... अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई... जवान हिंदी वर्शन का लाइफ़टाइम बिज़नेस पार कर लिया। अगला पड़ाव: 600 करोड़ रुपये के क्लब का उद्घाटन। सप्ताह 5 शुक्रवार 3.60 करोड़, शनिवार 5.55 करोड़, रविवार 6.85 करोड़, सोमवार 3.17 करोड़, मंगलवार 2.65 करोड़। कुल: 586 करोड़ रुपये। गौरतलब है कि फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

# अमिताभ बच्चन ने गंदगी न फैलाने का लिया प्रण

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने शहर मे गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। अमिताभ अपनी फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी में अपने व्यवहार और आचरण से भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों को गंदगी न फैलाने को लेकर प्रेरित किया है। अमिताभ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए शहर में गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि ये उनके स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा हो सकता है। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया है। इसमें वह हिंदी और मराठी भाषा में बात करते नजर आ रहे हैं।

# फिल्म 'तिरंगा' में काम करेंगे अक्षय कुमार!

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिल्म तिरंगा में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि अक्षय कुमार फिल्म 'तिरंगा' में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन संजय पूरन सिंह चौहान करेंगे।वहीं अश्विन वर्दे, सुभाष काले और नरेंद्र हीरावत इस फिल्म का निर्माण करेंगे। अक्षय कुमार और संजय पूरन सिंह पहले गोरखा नाम के एक प्रोजेक्ट पर साथ काम करने वाले थे, जिसे आनंद एक राय प्रोड्यूस करने वाले



थे। हालांकि यह फिल्म बन नहीं पाई। पहले चर्चा थी कि फिल्म तिरंगा इसी नाम से वर्ष 1993 में प्रदर्शित राजकुमार और नाना पाटेकर की फिल्म तिरंगा की रीमेक है। हालांकि बाद में मेकर्स ने बताया कि यह एक अलग फिल्म है।

# हास्य की गहरी समझ रखती हैं अर्चना पूरन सिंह : सुनील ग्रोवर

**मुंबई/एजेन्सी**



द कपिल शर्मा शो के सीजन-2 की शुरुआत से पहले मशहूर हास्य अभिनेता सुनील ग्रोवर ने जज अर्चना पूरन सिंह की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अर्चना पूरन सिंह को हास्य की गहरी समझ है। उनके सेट पर होने से काम को बेहतर करने में मदद मिलती है। सुनील ने बताया कि हास्य के बारे में उनकी समझ एक शैली तक सीमित नहीं है, वह सभी प्रकार के हास्य को समझती हैं और उसका आनंद लेती हैं। उन्होंने आगे कहा, वह एक शानदार अभिनेत्री हैं और उन्होंने सभी तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। हास्य में उनकी समझ अलग लेवल की है। शो में कलाकारों के रूप में हमारे लिए, उनकी यह गुणवत्ता एक विशेषाधिकार बन जाती है क्योंकि हम जानते हैं कि हम किसी भी शैली का मजाक बना सकते हैं और वह फिर भी इसे समझ लेंगी।

इसके अलावा किकू शारदा ने बताया कि उनके पास बहुत अनुभव है, इसलिए अगर कोई तकनीकी गड़बड़ी होती है तो वे तुरंत समझ जाती हैं कि हम किस स्थिति से गुजर रहे हैं। इससे हमारा मनोबल भी बढ़ता है क्योंकि हमारे पास अर्चना के रूप में एक सुरक्षा कवच है। कपिल शर्मा शो के दूसरे सीजन का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है। इस सीजन में सिनेमा और क्रिकेट जगत की हस्तियों को दिखाने का वादा किया गया है। इनमें सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, एनटीआर जूनियर, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे मेहमान शामिल होंगे। शो में कृष्णा अभिषेक भी हैं। पहले सीजन की शुरुआत में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी शो में नजर आए थे। इस बार दूसरे सीजन में आलिया भट्ट इस शो की शुरुआत करेंगी। शो के पहले एपिसोड में अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' की टीम आलिया भट्ट, वेदांग रैना और करण जौहर नजर आएंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर 21 सितंबर से स्ट्रीम होगा।



# जुनैद खान और खुशी कपूर की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में आएगी नजर

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान और श्रीदेवी-बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की जोड़ी एक रोमांटिक फिल्म में साथ नजर आयेंगी। फैंटम स्टूडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा कर इस खबर की जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, क्या आप खुशी और जुनैद के साथ डिजिटल युग में प्यार का अनुभव करने के लिए तैयार हैं? 07 फरवरी 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में! अद्वैत चन्दन द्वारा निर्देशित। निर्माताओं ने एक पोस्टर भी साझा किया, जिसमें एक लड़की और लड़के को फोटो लेते हुए दिखाया गया है। फिल्म में आधुनिक रोमांस, सोशल मीडिया और मानवीय संबंधों के बीच के अंतर को दिखाया जाएगा।

गौरतलब है कि अद्वैत चंदन ने आमिर खान की फ़िल्म 'सीक्रेट सुपरस्टार' और 'लाल सिंह चड्ढा' का भी निर्देशन किया था। जुनैद आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी रीना दत्ता के पुत्र हैं। खुशी निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी हैं। जुनैद ने नेटफ्लिक्स की फिल्म 'महाराज' से अपने अभिनय की शुरुआत की है जबकि खुशी ने नेटफ्लिक्स की फिल्म 'द आर्चीज़' से अभिनय की शुरुआत की है।



# फिल्म 'मुकुथी अम्मन 2' को सुंदर सी निर्देशित करेंगे

**मुंबई/एजेन्सी**

वेल्स फिल्म इंटरनेशनल की फिल्म 'मुकुथी अम्मन 2' को सुंदर सी निर्देशित करेंगे। फिल्म निर्माता डॉ. ईशारी के गणेश, सुपरस्टार नयनतारा को लेकर मुकुथी अम्मन 2 बना रहे हैं। इस फिल्म को सुंदर सी निर्देशित करेंगे यह फिल्म बड़े बजट और ग्रैंड स्केल पर बनने वाली है। वेल्स फिल्म इंटरनेशनल इस फिल्म को 'डिवाइन फैंटेसी' जॉनर में बना रहा है। वेल्स फिल्म इंटरनेशनल इस हाई-बजट फिल्म को राउडी पिक्चर्स, अवनी सिनेमैक्स (पी) लिमिटेड के साथ मिलकर बना रहा है और आईवी एंटरटेनमेंट, बी4यू मोशन पिक्चर्स द्वारा को-प्रोड्यूस है। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व ईशान सक्सेना, सुनील शाह और राजा सुब्रमण्यम द्वारा किया जा रहा है। यह फ़िल्म मुकुथी अम्मन पार्ट 1 से अलग होने वाली है, जिसमें दर्शकों के लिए कई रोमांचक पल होंगे। कास्ट और क्रू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट जल्द ही की जाएगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका के विशाल पंडाल में धर्मसभा को संबोधित करते जैनाचार्य विमलसागरसूरीजी ने कहा कि विश्वास रिश्तों का प्राणतत्व होता है। पूरी सजगता और समझदारी से इसका जतन करना होता है।

# गौरवशाली व्यक्तित्व के धनी थे महावीर समदड़िया

श्रीकांत पाराशर
dakshinbharat.com



यह कहने में तो बहुत सहज लगता है कि जो व्यक्ति इस धरती पर आया है उसे तो एक दिन जाना ही है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिस परिवार का एक हंसता मुस्कुराता चेहरा अचानक कुछ महीनों में अपने सभी आत्मीय परिवार जनों, मित्रों से विदा ले लेता है तो ऐसे में उन सब पर कितना बड़ा दुख का पहाड़ टूट पड़ता है, इसका अहसास उन्हीं को होता है जिन्हें यह वज्राघात सहना पड़ता है। मेरे अनन्य मित्र महावीरचंद समदड़िया के इस दुनिया से विदा लेने से मुझे जो झटका लगा उसने अंदर तक हिला कर रख दिया। उनके अंतिम दिनों में मेरा उनसे मिलना भी नहीं हुआ क्योंकि मैं देश से बाहर था। लौटकर आया तो राजस्थान चला गया। वहां से लौटकर आया तो मुझे वायरल फीवर ने सप्ताह भर जकड़ लिया। उनसे नहीं मिल पाने का गहरा अफसोस है। महावीर जी एक संवेदनशील व्यक्ति थे। बाहर से बिल्कुल कड़क दिखाई देते थे लेकिन अंदर से मोम की तरह नरम। किसी भी संवेदनशील मसले पर अनायास ही अनकी आंखें नम हो जाती थीं। मित्रों के बीच एक खुशमिजाज इंसान थे। दोस्तों की टोली के बीच खुशनुमा पलों को जीना उन्हें बखूबी आता था। व्यवसाय के दृष्टिकोण से देखें तो उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति में आवश्यक मेहनत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। और लक्ष्य को प्राप्त भी किया। खूब मेहनत की। उन्होंने अपने पुस्तैनी व्यवसाय से इतर अलग अलग क्षेत्रों में भाग्य आजमाया और भरपूर सफलता हासिल की। अपने तीनों पुत्रों के भविष्य का मार्ग सुगम बनाया।आज फर्निशिंग क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित प्रतिष्ठान 'पेटल्स' खुद एक ब्रांड बन चुका है। आज बेंगलूरु में इसकी तीन शाखाएं हैं। एक प्रतिष्ठित परिवार से आने वाले महावीर समदड़िया ने पारिवारिक प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि ही की।

अपने पिता के इकलौते पुत्र महावीर जी ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। रिश्तों को निभाने में उन्हें महारत हासिल थी। इसके लिए उन्हें कहीं चुप रहना पड़ता तो वे चुप्पी साध लेते थे, किसी को भनक भी नहीं लगने देते थे। दोस्तों के लिए तो जान हाजिर थी। जब दो दशक पूर्व मैंने एक कथित बड़े अखबार के प्रभारी संपादक पद से त्यागपत्र दिया तो महावीर जी समदड़िया ही पहले व्यक्ति थे जिन्होंने मुझे फोन करके कहा कि ''पैसे वगैरह की जरूरत हो तो संकोच मत करना। मैं हर वक्त तैयार हूं। लोग कितने स्वार्थी हैं यह अब आपको पता लगेगा क्योंकि उस अखबार के ऊंचे पद पर रहने के कारण जो लोग स्वार्थवश आपके इर्दगिर्द रहते थे वे सब अब कन्नी काटने लगेंगे।'' हुआ भी वही। उनकी बात शत-प्रतिशत सही निकली। उनका मेरे प्रति लगाव वास्तविक था। उनका फ्रेंडशिप का जो इनर सर्कल था उसमें भी मुझे एन्ट्री का अवसर उनके एवं राजेन्द्र सिंघी (राजूसा) के कारण मिला। मित्रों की फैमिली ट्रिप हो या धार्मिक यात्रा का अवसर हो, उन्होंने हमेशा मुझे याद रखा।

महावीर समदड़िया बेहतरीन सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन के प्रारंभिक दिनों से इससे जुड़े थे। आगे चलकर वे इस गौरवशाली संगठन के अध्यक्ष बने। मुझे उनके साथ महामंत्री पद का दायित्व संभालने का अवसर मिला। उनके साथ काम करके मन को बहुत संतुष्टि मिली। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में ही कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन को वर्ष 1991 में कन्नड़ राज्योत्सव पुरस्कार से नवाजा गया। वह पहला अवसर था जब किसी सामाजिक संस्था को राज्य सरकार का सबसे बड़ा पुरस्कार मिला था। उस समय तक केवल इंडिविजुअल्स को ही राज्योत्सव पुरस्कार दिया जाता था। महावीर जी हर अच्छे समाजसेवी एवं धार्मिक कार्य में आगे बढकर अपना योगदान देते थे। मुझे लगता है कि उनके साथ बिताए मधुर पलों को मैं तो कभी अपने शेष जीवनकाल में भुला नहीं सकूंगा। भुलाना भी क्यों है, उनकी स्मृतियां सदैव सहेज कर रखूंगा।



# विश्वास की बुनियाद पर टिकते हैं रिश्ते : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका के विशाल पंडाल में धर्मसभा को संबोधित करते जैनाचार्य विमलसागरसूरीजी ने कहा कि विश्वास रिश्तों का प्राणतत्व होता है। पूरी सजगता और समझदारी से इसका जतन करना होता है। बिना विश्वास के रिश्ते कभी बनते नहीं और विश्वास टूटते ही रिश्ते टिकते नहीं, इसीलिए शास्त्रों ने विश्वासघात को बहुत बड़ा पाप कहा है। वर्षों की कोशिशों के बाद विश्वास का निर्माण होता है। रिश्ते बनाने से भी ज्यादा मुश्किल होता हैं उन्हें टिकाना। आधुनिक युग में विश्वास की कमी लोग कदम कदम पर महसूर करते हैं। रिश्तों के संबंध में हर किसी को शिकायत करते हुए देखा जा सकता है। आज कोई किसी पर पूरा भरोसा करने को तैयार नहीं है। चारों ओर अविश्वास का साम्राज्य व्याप्त हैं। यही वजह है कि वर्तमान युग में रिश्ते टिकाऊ नहीं बनते। लोग कभी भी बदल जाते हैं या बिक जाते हैं। यह तथ्य आधुनिक मानव जाति की महत्ता को कलंकित कर रहा है। पुराने जमाने में अनपढ़ लोग भी विश्वसनीय होते थे। आज परिजन भी विश्वसनीय नहीं बचे हैं। रिश्तों का मनुष्य के मन, स्वास्थ्य, सुख, शांति, उन्नति, भय, तनाव और चिंता से सीधा संबंध हैं। विश्वास के अभाव में आज हर कोई भयभीत और चिंतित है। मनोरोग बढ़ता जा रहा है। ढेर सारी सुविधाओं के बावजूद मनुष्य सुख-शांति के लिए तड़फ रहा है। स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है। उन्नति और संपत्ति के अर्थ निरर्थक बन रहे हैं। अगर हम पवित्र रिश्तों की महत्ता और विश्वास की कीमत नहीं समझते हैं तो हमारे जीने के मकसद सार्थक नहीं होंगे। धार्मिक-आध्यात्मिक प्रगति की बात तो हास्यास्पद बन जाएगी। विवेक ही विश्वास के आधार पर रिश्तों को दीर्घजीवी और अटूट बना सकता है। हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए यह महत्वपूर्ण कारक तत्व है। गलत फहमियों को टालकर, बेकार की बातों को तूल न देकर, पेट के पक्के बनकर, विवेक-बुद्धि जगाकर रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाया जा सकता है।

गणि पद्मविमलसागरजी ने बताया कि परिवारों के विभाजन में महिलाओं की भूमिका नहीं होनी चाहिये। एकांकी परिवार में जीने की सोच गलत और दुःखदायी है। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि बुधवार को धारवाड़, बेंगलूरु, कडूर, सेलम, मुंबई, अहमदाबाद, बरोडा, ह्यूस्टन (अमेरिका) आदि देश-विदेश के अनेक क्षेत्रों से लोग आचार्य विमलसागरसूरीश्वर के दर्शनार्थ मैसूर आए तथा सभी ने गुरुपूजन किया। आचार्य ने वासक्षेप और मंगलपाठ से सभी को आशीर्वाद दिया।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के नगरथपेट स्टील मार्केट में विराजित गणेश प्रतिमा मंडल की ओर से पूर्णिमा के मौके पर अन्नदान का आयोजन किया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नदान का लाभ लिया। इस मौके पर रघुवीरसिंह, दलपतसिंह भायल, बाबूलाल चौधरी, राजू देवासी, गणेशकुमार आदि ने सेवा प्रदान की।

# पाप से मुक्त होना ईश्वर का स्वभाव है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि इन्द्रियों के साथ साधक को अपने मन पर भी नियन्त्रण रखना चाहिए, जिन्होंने सांसारिक विषय- भोगों विकारों से मुक्ति पाली है उनके लिए सहज-सरल रूप से सभी की गई साधना आराधना फलीभूत हो जाती हैं और निकट भविष्य में उन साधक आत्माओं के लिए अपने कर्मों की निर्जरा के फलस्वरूप उनके लिए मुक्ति द्वार को पाने की राह विशुद्ध रूप से प्रशस्त हो जाती है। इन्द्रियों के साथ असंवृत मनुष्य हिताहित निर्णय के क्षणों में पांचों इन्द्रियों के विषय-विकारों के प्रति आकर्षित होकर मोह-मुग्ध बन जाते हैं। संसार के क्षणिक नाशवान सुखों की प्राप्ति के लिए अपने अनंत शक्तिमान आत्म स्वरूप को भूल कर अनंत, पुण्यवानी से प्राप्त किए गए इस दुर्लभ मानव जीवन को हीरे देकर तुच्छ कंकर-पत्थर लेने के समान यूंही व्यर्थ में सस्ते में गंवा देते है। विषय-भोगों का चिन्तन मात्र आत्मा के दुर्गेति-पतन का कारण बन जाता है। उन्होंने आगे कहा कि पाप में पड़ना मनुष्य का स्वभाव हैं। पाप में डूबे रहना शैतान का स्वभाव है। पाप से दुःखी होना संत का स्वभाव हैं और पाप से मुक्त होना ईश्वर का स्वभाव है।

साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने भगवान महावीर की अंतिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र के माध्यम से कहा कि अनादिकाल से आत्मा और कर्मी का योग हुआ है। इन कर्मों की वजह से ही आत्मा चौरासी लाख जीव योनियों में परिभ्रमण करती आ रही है। कई बार अनन्त काल तक हमारा जीवात्मा निगोद में रह चुका है। वहाँ पर सिवाय दुःख और असहायपने के कुछ भी नहीं होता है। इन कर्मी के कारण से ही हम अपनी तकदीर लिखते हैं। हमारा भाग्य लिखने वाला कोई भाग्य विधाता नहीं है, बल्कि हमारे भाग्य विधाता हम स्वयं ही है। प्रमाद, विषयों के प्रति आसक्ति-मोह मद, कषाय, निद्रा, विकथा आदि के कारण जीव एक गति से निकला तो दूसरे में अटक गया। धर्मसभा में वडपलनी चेन्नई से भी गुरुभक्त परिवार अभय कोठारी अपने परिजन सहित उपस्थित थे।



# तेयुप की विभिन्न शाखाओं ने आयोजित किए रक्तदान शिविर, 634 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में षष्ठिपूर्ति के अवसर पर तेयुप गांधीनगर, विजयनगर, राजाजीनगर, हनुमंतनगर, राजराजेश्वरीनगर, टी दासरहल्ली, यशवंतपुर समस्त परिषदों द्वारा 'मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव' के अंतर्गत शहर के 23 मेट्रो स्टेशनों, तेरापंथ सभा यशवंतपुर और नारायण हृदयालय में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसौधा मेट्रो स्टेशन पर अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड निदेशक ओएम सुमित भटनागर, डीजीएम रामचंद्रन, महाप्रबंधक व्यासराज, बेंगलूरु मेट्रो एंड सबअर्बन रेल पैसेंजर एसोसिएशन के प्रकाश जैन की उपस्थिति में हुआ। इस विशाल रक्तदान शिविरों में विभिन्न स्थानों से कुल 634 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। गांधीनगर परिषद् से 59 यूनिट, विजयनगर परिषद् से 86 यूनिट, राजाजीनगर परिषद् से 84 यूनिट, हनुमंतनगर परिषद् से 196 यूनिट, राजराजेश्वरीनगर परिषद् से 30 यूनिट, टी दासरहल्ली परिषद् से 67यूनिट, यशवंतपुर परिषद् से 42 यूनिट और नारायण हृदयालय से 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में राष्ट्रोत्थान ब्लड बैंक और नारायण हृदयालय ब्लड बैंक से विशेष सहयोग मिला।

तेरापंथ ट्रस्ट बेंगलूरु के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, तेरापंथ सभा बेंगलूरु के मंत्री विनोद छाजेड़, तेयुप बेंगलूरु के अध्यक्ष विमल धारीवाल, विजयनगर तेयुप के अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश चोरडिया, शिविर संयोजक सुनील मेहता, महावीर चावत, मुकेश चावत, रोहित ओस्तवाल, हनुमंतनगर अध्यक्ष कमलेश झाबक, आरआरनगर अध्यक्ष विकास छाजेड, टी दासरहल्ली अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी, यशवन्तपुर अध्यक्ष महावीर गन्ना सहित केबिनेट के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभातेयुप स अमित दक, विनोद मुथा,रोहित कोठारी, विशाल पितलिया, गोतम खाब्या, प्रदीप चोपड़ा, राकेश पोखरणा, प्रसन धोका, मेगा रक्तदान राज्य प्रभारी सुधीर पोखरणा आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# विश्वकर्मा ट्रस्ट ने नगरभावी में आयोजित की विश्वकर्मा पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय विश्वकर्मा ट्रस्ट ने नागरभावी उलाल मैन रोड स्थित सभागार में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया, जिसमें गौरक्षक पुखराज महाराज मुख्य अतिथि तथा भोजपुरी समाज सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष संजयसिंह उज्जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रामूकुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई तथा विधि विधान से विश्वकर्मा पूजा की।शाम को सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया गया तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष लाला विश्वकर्मा, सचिव उमेश विश्वकर्मा एवं डां जयदेव ने अतिथियों का सम्मान किया। संजयसिंह ने सभी उपस्थित जनों को पूजा की शुभकामनाएं दी। पुखराज जी महाराज ने गौ सेवा पर बल दिया तथा सभी से धर्म के मार्ग पर चलने की अपील की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## श्रद्धांजलि

कन्नड़ फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विष्णुवर्धन के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उत्तरहली रोड स्थित विष्णुवर्धन समाधि पर मारुति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके कन्नड़ सिनेमा जगत में उनके योगदान को याद किया। मुणोत ने समाधि पर आयोजित रक्तदान शिविर स्थल पर रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं अन्नदान कार्यक्रम में सेवा दी ।

# जीवन में भूलों का प्रायश्चित अति आवश्यक : संतश्री विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन बावीस संप्रदाय संघ के तत्वावधान में गणेश बाग में प्रवचन देते हुए विनयमुनिजी खींचन ने व्यवहार सूत्र की विवेचना करते हुए कहा कि 2000 वर्ष से अधिक पहले आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने छेद सूत्रों में व्यवहार सूत्र को महत्वपूर्ण स्थान दिया। व्यवहार सूत्र चतुर्विध संघ के लिए महत्वपूर्ण सूत्र है। इस सूत्र में भूलों के प्रायश्चित देने के महत्वपूर्ण विधान दिए है। दंड देना कठोरता के भाव है परंतु प्रायश्चित देकर आत्मा की कठोरता को तुड़वाकर पुनः धर्म में स्थिर करने का काम व्यवहार सूत्र के रचयिता व्यवहारी करते हैं। जहां कठोरता है वहां तोड़फोड़ और व्यापक रूप में आतंकवाद भी फैलता है। इस तोड़फोड़ को बचाने के लिए कोमलता से जीवन में प्रायश्चित आदि देकर जीवन बदला जा सकता है। भारतीय ऋषि मुनियों में हजारों हजारों वर्षों से कठोरता की जगह कोमलता का प्रयोग प्रायश्चित तपस्या से करते आ रहे हैं। संघ प्रवक्ता प्रसन्नचंद मांडोत ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने धन्यवाद दिया।

# चन्द्रग्रहण के विपरीत प्रभाव से बचाव के लिए तैयार किया मंत्रों का कवच

मंड्या/दक्षिण भारत। शहर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में चन्द्रग्रहण के विपरित प्रभाव से बचाव के लिए मंत्रों द्वारा रक्षा कवच बनाया गया। लोगस्स पाठ के अन्तिम पद्म के साथ बीजाक्षरों का संयोग उसकी शक्ति को बढ़ाने वाला होता है। साध्वी मार्दवश्रीजी ने कहा कि मंत्र एक कवच है। संसार में होने वाले प्रकंपन हर व्यक्ति को प्रभावित करते है। मंत्र के प्रभाव से उन प्रकंपनों के प्रहारों से बचा जा सकता है। जिस प्रकार योद्धा कवच पहनकर ही रणभूमि में उतरता है। उस कवच के आधार पर योद्धा शत्रुओं के प्रहार को झेलने में समर्थ हो जाते है। मंत्र साधना रूपी कवच हमारे जीवन में आने वाली विघ्न-बाधाओं को झेलने में समर्थ हो जाता है। साध्वीश्री ने चंदेसु निम्मलयरा के साथ बीजाक्षरों का जप करवाया। श्रावक-श्राविकाओं ने पूरी एकाग्रता एवं तन्मयता के साथ तल्लीन होकर जप का प्रयोग किया। चन्द्रग्रहण के विपरित प्रभाव हेतु रक्षा कवच रूपी मंत्र प्रयोग करवाया।

# गुरु दर्शन यात्रा कर वापस बेंगलूरु लौटे सौ सदस्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ का 5 दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा संघ के 100 सदस्य मंगलवार को हुब्बल्ली, पुणे, अहमदनगर, गंगापुर, लातूर, जालना, वाशीम में चातुर्मास कर रहे संत सतियों के दर्शन, प्रवचन श्रवण एवं ज्ञान चर्चा का लाभ लिया और स्थानीय संघ पदाधिकारियों से संघ उन्नति व भविष्य की आवश्यकता व चुनौतियों पर विचारों का आदान प्रदान किया। सभी संघों ने यात्रासंघ का स्वागत करते हुए अलसूर संघ अध्यक्ष नेमीचंद चोरड़िया और मंत्री अभय कुमार बांठिया का अभिनंदन किया। यात्रियों ने अंतरिक्ष पार्श्वनाथ शिरपुर में प्राचीन और ऐतिहासिक जैन मंदिर व निर्माणाधीन विशाल श्वेतांबर मंदिर का भी अवलोकन किया। आखिरी पड़ाव में दोडबल्लापुर में विराजित साध्वीश्री चंद्रयशाश्री के दर्शन किए। संघ यात्रियों व अलसूर संघ ने स्थानीय गौशाला आदि को अनुदान भी दिया।



# जीतो नार्थ लेडीज विंग विदेश यात्रा पर हुआ रवाना

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के जीतो चैप्टर नार्थ के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में लगभग 40 सदस्याओं के एक समूह ने पाँच दिवसीय यात्रा थाइलेंड विदेश भ्रमण हेत प्रस्थान किया। रायसोनी ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में शिक्षण एवं नेटवर्किंग को मनोरंजक, आकर्षक, रुचिकर एवं समृद्ध बनाने का प्रयत्न किसी ना किसी माध्यम से होता है उसमें से एक है पर्यटन यात्रा। नए लोग, नई संस्कृतियाँ, नए स्थान, जीवन के नए तरीके, नई भाषाएँ, नई वास्तविकताएँ और भी बहुत कुछ जानने की जिज्ञासा और अपने क्षितिज का विस्तार करने के लिए पर्यटन यात्रा एक सुखद अनुभव है। संयोजिका नीता गादिया एवं सह-संयोजिका संगीता मुथा ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com